




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 143 | कोरबा, रविवार, दिनांक 22 फरवरी 2026 डाक 23 फरवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
प्रधानमंत्री मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनसियो लूला डा सिल्वा नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत के दौरान।



**देश-विदेश**
दिल्ली के मॉडल टाउन में चार मंजिला घर में आग लगी, बाल-बाल बचे दर्जनभर लोग



**फीचर पेज**
ब्रेकफास्ट के लिए बेहतरीन विकल्प है ब्रोकली चीला, जानिए इसकी रेसिपी




### आईएसआई का आतंकी हमले की साजिश नाकाम

## बंगाल-तमिलनाडु से 8 संदिग्ध गिरफ्तार, बांग्लादेश का भी कनेक्शन



**नईदिल्ली 22 फरवरी [एजेंसी]।**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने आठ संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी तमिलनाडु से हुई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में से दो आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं। पुलिस ने उनके पास से कई फर्जी आधार कार्ड भी बरामद किए। बांग्लादेश के आतंकी संगठन और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से जुड़े संगठनों के संपर्क में रहकर भारत में बड़ी आतंकी वारदात करने की साजिश का पर्दाफाश हुआ है।

पहले लाल किला डॉक्टर टेरर मॉड्यूल और अब पाकिस्तान आईएसआई टेरर मॉड्यूल का सुरक्षा एजेंसियों ने पोस्टर्स के जरिए खुलासा किया। आठ फरवरी को दिल्ली में कई जगहों पर फ्री कश्मीर के पोस्टर बरामद किए गए थे, जिसके बाद स्पेशल सेल को खुफिया जानकारी मिली और पूरे आतंकी मॉड्यूल का खुलासा तमिलनाडु और पश्चिमी बंगाल से हुआ। ठीक उसी तरह, जिस तरह जम्मू-कश्मीर से पोस्टर बरामद होने के बाद फरीदाबाद से विस्फोटक बरामद किया गया।

इसके बाद ही लाल किला डॉक्टर टेरर मॉड्यूल का खुलासा हुआ था। बताया गया कि कोलकाता में भी छह जगहों पर फ्री कश्मीर के पोस्टर लगाए गए थे। दिल्ली मेट्रो पर भी फ्री कश्मीर के पोस्टर लगाए गए। वहीं, गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से कई महत्वपूर्ण जगहों की रेकी के वीडियो मिले हैं। इनका एक हैंडलर जम्मू-कश्मीर से पूरे ऑपरेशन को हैंडल कर रहा था, जबकि दूसरा हैंडलर बांग्लादेश से इस ग्रुप को निर्देश दे रहा था।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम**

1. मिजानूर रहमान
2. मो. शबद
3. उमर
4. मोहम्मद लितान
5. मोहम्मद शाहिद
6. मोहम्मद उज्ज्वल

**इन सभी को तिरुप्पुर के अलग-अलग गारमेंट यूनिट्स से पकड़ा**

उथुकुलीः 02 आरोपी
पल्लादमः 03 आरोपी
तिरुमुरुगनपूंडीः 01 आरोपी
फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल

## सड़क हादसे में 5 पुलिसकर्मियों की मौत ओडिशा के सीएम और नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

**भुवनेश्वर, 22 फरवरी [एजेंसी]।**

झारसुगुड़ा में हुए दर्दनाक सड़क हादसे को लेकर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने गहरा शोक जताया है। दोनों ने नेताओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म × पर पोस्ट करते हुए अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट साझा करते हुए कहा कि झारसुगुड़ा में कर्तव्य पर तैनात पांच पुलिसकर्मियों के असामयिक निधन की खबर से वे अत्यंत व्यथित और मर्माहत हैं। मुख्यमंत्री माझी ने लिखा कि यह हृदयविदारक घटना सभी को झकझोर देने वाली है। शोक की इस कठिन घड़ी में वे दिवंगत पुलिसकर्मियों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। साथ ही ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और हादसे में घायल अन्य लोगों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस दुखद घटना से



प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं बीजद सुप्रीमो नेता प्रतिपक्ष नवीन पटनायक ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर हादसे में जान गंवाने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। नवीन पटनायक ने अपने शोक संदेश में लिखा कि झारसुगुड़ा में हुई एक भीषण सड़क दुर्घटना में पांच पुलिसकर्मियों की मौत और कई लोगों के घायल होने की खबर से मुझे अत्यंत पीड़ा हुई है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में वह शोकसंतप्त परिवारों के साथ हैं और उनके प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।

इस हादसे के बाद राज्यभर में शोक का माहौल है। आज सुबह झारसुगुड़ा सदर पुलिस स्टेशन के सामने हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच पुलिसवालों की मौत हो गई है! खबर है कि एक तेज़ रफ्तार ट्रेलर और पुलिस बोलेरो की आमने-सामने टक्कर में उनकी मौके पर ही मौत हो गई।इस हादसे में तीन और लोग गंभीर रूप से घायल हैं और उनका इलाज चल रहा है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, सुबह-सुबह एक पुलिस बोलेरो दूसरी तरफ से आ रहे एक तेज़ रफ़्तार ट्रेलर से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरो गाड़ी पूरी तरह से तबाह हो गई। स्थानीय लोग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं और गाड़ी से लाशें निकालीं! घायलों को तुरंत ज़िला हेडक्वार्टर हॉस्पिटल भेजा गया है।

## महाराष्ट्र की राजनीति के सबसे कद्दावर नेता शरद पवार फिर अस्पताल में भर्ती



**पुणे।** एनसीपी-एसपी नेता शरद पवार की एक बार फिर तबीयत खराब हो गई है। उन्हें पुणे के रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। सुप्रिया सुले के मुताबिक पवार पिछले हफ़्ते खांसी और गले में इन्फेक्शन से परेशान थे। जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहीं अब एक बार फिर उनकी तबीयत खराब हो गई है। उन्हें आगे की मेडिकल देखभाल और ऑब्ज़र्वेशन के लिए रूबी हॉल क्लिनिक में भर्ती कराया गया है। इससे पहले शनिवार को उनकी पार्टी के नेता अंकुश काकड़े ने कहा था कि शरद पवार अपने राज्यसभा के कार्यकाल के बारे में फैसला ले सकते हैं। पुणे के रहने वाले काकड़े ने कहा कि हमने पवार साहेब के एक्टिव पॉलिटिक्स से रिटायर होने की कोई रिपोर्ट नहीं सुनी है।

## हॉस्टल में एक छात्र के पास से पांच जिंदा कारतूस बरामद, पुलिस ने दर्ज किया मामला




**मुंबई 22 फरवरी।** मुंबई के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी बॉम्बे (आईआईटी पवई) के हॉस्टल परिसर में एक छात्र के बैग में पांच जिंदा 7.65 एमएम कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार आईआईटी के हॉस्टल परिसर में एक छात्र के पास कारतूस होने की सूचना मुखबिर की मदद से सुरक्षाकर्मियों को मिली। सूचना मिलने पर जब सिक्योरिटी जांच की तो इस दौरान एक छात्र के बैग से पांच जिंदा 7.65 एमएम कारतूस बरामद किए गए। मामले में पवई पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने सर्वोत्तम आनंद सतीशचंद्र चौधरी (23) के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## मन की बातः एआई समिट में दिखी भारत की ताकत : पीएम

**नईदिल्ली 22 फरवरी [एजेंसी]।**



मन की बात के 131वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल बड़े उद्योगों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पशुओं के इलाज और किसानों की मदद में भी काम आ रहा है। उन्होंने बताया कि एआई समिट के दौरान उन्होंने विश्व नेताओं और टेक कंपनियों के प्रमुखों को प्रदर्शनी में दिखाया कि किस तरह एआई के जरिए पशुओं की बीमारियों की पहचान की जा रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अब किसान 24×7 एआई सहायता से अपनी डेयरी और पशुधन की निगरानी कर पा रहे हैं, जिससे उत्पादन और देखभाल दोनों बेहतर हो रहे हैं। पीएम मोदी ने मन की बात में आज दिल्ली में आयोजित हुए एआई समिट की चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस समिट में दुनिया को एआई टेक क्षेत्र भारत की मजबूत क्षमता देखने को मिली है। ये अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट है। इसके प्रति युवाओं में खास जोश भी देखने को मिला। पीएम मोदी ने कहा कि नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट में दो भारतीय उत्पादों ने विश्व नेताओं को खास तौर पर प्रभावित किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जब बैंक से केवाईसी अपडेट या री-केवाईसी कराने का संदेश आता है, तो कई लोगों के मन में सवाल उठता है कि पहले ही केवाईसी करा चुके हैं तो दोबारा क्यों। उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे संदेशों पर झुंझलाएं नहीं। पीएम मोदी ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया ग्राहकों के पैसे और बैंक खातों की सुरक्षा के लिए होती है। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में सतर्कता बेहद जरूरी है। पीएम मोदी इस दौरान केरल की 10 महीने की बच्ची आलिन शेरिन अब्राहम की भी बात कही। उन्होंने बताया कि असमय मृत्यु ने सभी को भावुक कर दिया है। इतनी कम उम्र में उसका जीवन खत्म हो जाना परिवार के लिए गहरा आघात है। उसके माता-पिता अरुण अब्राहम और शेरिन जिस पीड़ा से गुजर रहे हैं, उसे शब्दों में बयान करना मुश्किल है। एक मासूम बच्ची, जिसके आगे पूरा जीवन पड़ा था, अचानक इस दुनिया से चली गई। लेकिन इस गहरे दुख के बीच उसके माता-पिता ने जो फैसला लिया, उसने पूरे देश का दिल छू लिया। उन्होंने आलिन के अंग दान करने का निर्णय किया। यह कदम न सिर्फ साहस का उदाहरण है, बल्कि समाज के लिए प्रेरणा भी है। इस निर्णय से कई जरूरतमंद लोगों को नई जिंदगी मिलने की उम्मीद जगी है। उनके इस मानवीय कदम की हर ओर सराहना हो रही है।

पीएम ने आगे कहा कि टी20 विश्व कप में सिर्फ कनाडा ही नहीं, बल्कि अमेरिका और ओमान की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ियों का प्रभाव साफ दिख रहा है। अमेरिकी टीम के कप्तान मोनांक पटेल गुजरात की अंडर-16 और अंडर-18 टीमों के लिए खेल चुके हैं। मुंबई के सौरभ, हरमीत सिंह और दिल्ली के मिलिंद कुमार भी अमेरिकी टीम की शान हैं। ओमान की टीम में भी जतिंदर सिंह, विनायक शुक्ला, करण, जय और आशीष जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, जिन्होंने भारत के अलग-अलग राज्यों में क्रिकेट खेला है। न्यूजीलैंड, यूएई और इटली की टीमों में भी भारतीय मूल के खिलाड़ी अपनी छाप छोड़ रहे हैं। ये खिलाड़ी अपने-अपने देशों के युवाओं के लिए प्रेरणा बन रहे हैं और वैश्विक क्रिकेट में भारतीय प्रतिभा की पहचान मजबूत कर रहे हैं।

### निशिकांत दुबे ने कांग्रेस पर निशाना साधा

## नेहरू ने दुनिया को नागिन डांस दिखाया और पीएम मोदी ने एआई



**नईदिल्ली 22 फरवरी [एजेंसी]।**

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और मौजूदा प्रधानमंत्री ट्रंप के दौर की तुलना करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। दुबे ने कहा कि जहां नेहरू के समय दुनिया को नागिन डांस दिखाया जाता था, वहीं आज भारत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और तकनीक की ताकत दिखा रहा है। उनके इस बयान के बाद सियासी बहस तेज हो गई है। दुबे ने सोशल मीडिया पर 1962 की एक तस्वीर साझा की, जिसमें नेहरू अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ. केनेडी की पत्नी जैकलीन कैनेडी का स्वागत करते दिख रहे हैं। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस के समय भारत दुनिया को गलत तस्वीर दिखाता था, जबकि आज भाजपा सरकार तकनीक और एआई के जरिए देश की उपलब्धियां सामने रख रही है। उनका कहना है कि इस बदलाव से कुछ लोगों को तकलीफ होना स्वाभाविक है। दुबे का बयान उस समय आया जब नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान कांग्रेस से जुड़े कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। भारत मंडपम में हुए इस सम्मेलन में कई देशों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इसी दौरान भारतीय युवा कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ताओं ने कंप्रोमाइज्ड पीएम लिखी टी-शर्ट पहनकर और कपड़े उतारकर विरोध जताया। प्रदर्शन के बाद चार युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। पटियाला हाउस कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी और उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस का कहना है कि सुरक्षा के बीच इस तरह का प्रदर्शन नियमों का उल्लंघन है। कांग्रेस ने इसे लोकतांत्रिक विरोध बताया है। 16 से 20 फरवरी तक चला एआई इम्पैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में आयोजित हुआ

सम्मेलन के अंत में न्यू दिल्ली डिक्लेरेशन ऑन एआई इम्पैक्ट को अपनाया गया। इस घोषणा का समर्थन 88 देशों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने किया। इसमें कहा गया कि एआई का उपयोग आर्थिक विकास और सामाजिक भलाई के लिए होना चाहिए।

## सुरक्षाबलों ने माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम किया, 17 आईईडी बरामद



**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। जवानों ने थाना फरसेगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नीलमड़गु की ओर सर्चिंग और एरिया डॉमिनेशन अभियान चलाया. इस दौरान नक्सलियों के प्लांटेड 16 बीयर बॉटल आईईडी और एक 5 किलोग्राम वजनी प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया गया। बीडीडी टीम ने डिमाइनिंग करते हुए सभी आईईडी को मौके पर ही सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर नष्ट कर दिया. सर्चिंग में जमीन के भीतर प्लास्टिक ड्रम में छिपाकर रखी गई संदिग्ध सामग्री भी बरामद की गई। जब्त सामग्री में रस्सी, फ्लेक्सिबल वायर, मल्टीमीटर, आयरन सोल्डरिंग रॉड, वायर कटर, एम-सील, पेंसिल बैटरी , डीसी मोटर, माओवादी वर्दी, मैगजीन पाउच, दवाइयां, माओवादी साहित्य और पाम्फलेट शामिल हैं।

## जब तक हिंदू एकजुट है, तब तक कोई भी ताकत भारत को नुकसान नहीं पहुंचा सकता, दत्तात्रेय होसबाले का संदेश



**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा है कि भारत के सामने आजादी के कई दशक बाद दुनिया में सम्मान वापस पाने का स्वर्णिम अवसर आया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब तक समाज हिंदू भावना में एकजुट रहेगा, तब तक दुनिया की कोई भी ताकत भारत को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। जयपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने हिंदू धर्म, संस्कृति और समाज की रक्षा के लिए बड़े-बड़े बलिदान दिए हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत तकनीक, विज्ञान और आर्थिक क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है और कई देशों के बराबर पहुंचने की कोशिश कर रहा है। उनके अनुसार, कुछ देश भारत को दबाने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन अगर समाज एकजुट रहा तो भारत को कोई नहीं रोक पाएगा। होसबाले ने यह भी कहा कि आज दुनिया के कई देश तकनीक, उद्योग और आर्थिक ताकत में आगे हैं, लेकिन भारत भी तेजी से उस दिशा में बढ़ रहा है। उन्होंने इसे देश के लिए बड़ा अवसर बताते हुए लोगों से एकता बनाए रखने की अपील की।

इसी तरह के विचार हाल ही में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी व्यक्त किए थे। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में सामाजिक समरसता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने हिंदू समाज को सतर्क रहने की बात कही। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को कोई खतरा नहीं है, लेकिन जनसंख्या में गिरावट और लालच या दबाव में होने वाले धर्मांतरण पर चिंता जताई।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायेंः- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## अफगानिस्तान में पाकिस्तान ने किया एयरस्ट्राइक, 19 नागरिकों की हुई मौत, अब बदला लेने की तैयारी में तालिबान

**इस्लामाबाद, 22 फरवरी [एजेंसी]।**

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान बॉर्डर पर भीषण हमला किया है, जिसमें 19 लोगों के मारे जाने की खबर है। पाकिस्तान के इस हमले के बाद एक बार फिर दोनों देशों में तनाव चरम पर पहुंच सकता है। पाकिस्तान ने दावा किया है कि उनसे आतंकी कैंपों को निशाना बनाया है, वहीं अफगान तालिबान का कहना है कि ये हमले नागरिक ठिकानों पर किए गए हैं। सरकारी प्रवक्ता जबिहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर लिखा, कल रात उन्होंने नांगरहार और पत्तिका प्रांतों में हमारे नागरिकों पर बमबारी की, जिसमें महिलाएं और बच्चो सहित दर्जनों लोग शहीद और घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना एक बार फिर अफगान टेरेटरी में घुसपैठ की है। अधिकारी इन हमलों में हुए नुकसान का आंकलन कर रहे हैं। हालांकि अफगान तालिबान की ओर से कोई तत्कालिक प्रतिक्रिया नहीं आई है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक, अफगानिस्तान जवाबी कार्रवाई पर विचार कर रहा है। उधर,



पकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्लाह तरार ने एक्स पर एक पोस्ट में हमले की पुष्टि करते हुए पिछले सप्ताह रमजान की शुरुआत से हुए तीन हमलों का हवाला दिया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान ने खुफिया जानकारी के आधार पर सीमावर्ती क्षेत्रों में पाकिस्तान तालिबान और उसके सहयोंगियों से संबंधित सात आतंकवादी कैंपों और ठिकानों को निशाना बनाया है।

तरार ने कहा कि पाकिस्तान ने इस्लामिक स्टेट समूह से जुड़े एक संगठन को भी निशाना बनाय, जिसने इस्लामाबाद की एक मस्जिद पर हुए हालिया हमले की जिम्मेदारी ली थी, जिसमें 31 लोग मारे गए थे और 160 से अधिक घायल हुए थे। 2008 में मैरियट होटल बम विस्फोट के बाद इस्लामाबाद पर हुए सबसे घातक हमलों में से यह एक था। पाकिस्तानी सेना ने कहा कि अफगान तालिबान शासन से बार-बार आग्रह के बाद भी वह पाकिस्तान में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए आतंकवादी ग्रुप और विदेशी एजेंटों द्वारा अफगान क्षेत्र का उपयोग को रोकने के लिए उपाय करे, अफगान तालिबान शासन उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने में विफल रहा है।

# कोरबा जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन,मतदाता संख्या 8.18 लाख के पार

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को दी जानकारी



**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला कोरबा में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कर लिया गया है। आज शनिवार, 21 फरवरी 2026 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और निर्वाचन अधिकारियों की उपस्थिति में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुदावत ने सम्पूर्ण गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात कोरबा जिले में अब कुल मतदाताओं की संख्या 8,18,010 पहुँच गई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 4,09,333 महिला मतदाताओं की संख्या 4,08,664 और तृतीय लिंग के 13 मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेशियो (लिंगानुपात) अब सुधरकर 998 हो गया है, जो चुनावी प्रक्रिया में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी का परिचायक है। विधानसभा वार स्थिति देखें तो पालीतानाखार क्षेत्र में सर्वाधिक 2,19,510 मतदाता दर्ज हैं, जबकि रामपुर में 2,07,076, कोरबा में 1,95,781 और कटघोरा में 1,95,643 मतदाता पंजीकृत हैं। उन्होंने राजनीतिक दल के पदाधिकारियों को मतदाता सूची की प्रति भी भेंट की।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुदावत ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से जिले में मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण भी किया गया। पूर्व में जिले में कुल 1081 मतदान केंद्र थे, जिनमें 132 नवीन केंद्र जोड़कर अब कुल संख्या 1211 कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को कैटेगरी में विभक्त कर निराकरण किया गया। पुनरीक्षण के दौरान तकनीकी शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया। सी कैटेगरी के 40882 तथा 2,46,684 लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी (तार्किक विसंगतियों) का संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा सत्यापन हेतु नोटिस जारी कर निर्धारित तिथि व समय पर सुनवाई हेतु समय दिया जाकर, मिलान कर उन्हें दुरुस्त किया गया। साथ ही, मृत्यु, स्थानांतरण और अनुपस्थित श्रेणी के कुल 1,33,741 नामों का नियमानुसार निराकरण किया गया, जिससे मतदाता सूची पूरी तरह त्रुटिहीन और पारदर्शी बन सके।

### दावा-आपत्ति और जन-जागरूकता अभियान चलाया गया

कलेक्टर श्री दुदावत ने बताया कि प्रारंभिक प्रकाशन के बाद 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक चली दावा-आपत्ति की अवधि में जिला प्रशासन को कुल 19,197 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से नाम जोड़ने के लिए आए 14,091 आवेदनों में से 13,445 को स्वीकृत किया गया। इसी प्रकार नाम विलोपन के 315 और संशोधन के 4,187 प्रकरणों का निराकरण किया गया। इस पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना पत्रक संकलित किए गए और 'स्वीप' कार्यक्रम के माध्यम से जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला और तहसील स्तर पर हेल्प डेस्क एवं कॉल सेंटर की स्थापना कर मतदाताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित किया गया। अंतिम प्रकाशन के अवसर पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया समावेशी और निष्पक्ष रही है। इसमें राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दुदावत ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और कर्मचारियों को इस जटिल कार्य को समय सीमा के भीतर और शुद्धता के साथ पूर्ण करने हेतु बधाई दी। इस अंतिम प्रकाशन के साथ ही अब जिला कोरबा आगामी निर्वाचन प्रक्रियाओं के लिए पूरी तरह तैयार है।इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के पदाधिकारी, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कोरबा श्री सरोज महिलांगे, पाली तानाखार-श्री मनोज कुमार बंजारे, कटघोरा से सूर्यकांत केशकर आदि उपस्थित रहे।

## कोरबा जिले में रेत आपूर्ति सुचारू, अवैध उत्खनन पर कड़ी निगरानी-प्रशासन की सतत कार्रवाई जारी

**कोरबा।** संपूर्ण कोरबा जिले में कुल 20 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 03 नई रेत खदानें ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित की गई हैं। जिले में कुल 15 अस्थायी रेत भंडारण अनुज्ञा स्वीकृत हैं। स्वीकृत खदानों एवं भंडारण क्षेत्रों से रामपुर विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे जिले में रेत की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में की जा रही है।

विधानसभा रामपुर क्षेत्र में कुल 12 रेत खदान स्वीकृत हैं तथा 02 नवीन रेत खदानों-तरईमार एवं कछार (चोरभठ्ठी) को ई-नीलामी के माध्यम से आबंटित किया गया है, जिनकी स्वीकृति की प्रक्रिया प्रचलन में है। इसी प्रकार रामपुर क्षेत्र में रेत के 08 अस्थायी भंडारण अनुज्ञापत्र स्वीकृत हैं।

प्रशासन द्वारा खनिजों के अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। जिले में अब तक खनिजों के अवैध परिवहन के 264, अवैध उत्खनन के 21 तथा अवैध भंडारण के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। इन प्रकरणों में कुल ?73,73,012 की राशि समझौता शुल्क के रूप में वसूल की गई है।जिले में गठित टास्क फोर्स समिति-खनिज, वन, पुलिस, परिवहन एवं राजस्व विभाग-द्वारा विधानसभा रामपुर क्षेत्र के उरगा, कुदुरमाल, बरपाली, करतला, नोनबिर्रा एवं अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ पूरे जिले में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। समिति द्वारा रेत, कोयला, मुरूम/मिट्टी, गिट्टी एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

जिले में रेत की आपूर्ति के लिए पर्याप्त स्वीकृत खदान उपलब्ध हैं तथा अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए निरंतर गश्त एवं कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को प्रदान करें।

## जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु प्रशिक्षण का आयोजन 23 फरवरी को

**कोरबा।** आरजीआई पोर्टल से आनलाईन जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु 23 फरवरी को जनपद पंचायत पाली के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से अपरांह 01 बजे तक तथा दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा।

जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी श्री मोहन सिंह कंवर ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली एवं जनपद पंचायत पाली अंतर्गत समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रशिक्षण का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक किया जायेगा। इसी तरह जनपद पंचायत पाली अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत सचिवों, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पाली के लिए प्रशिक्षण का आयोजन दोपहर 02 बजे से 04 बजे तक किया जायेगा।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 15 मार्च को अग्रसेन भवन कटघोरा में

**कोरबा।** समाजसेवा एवं जनकल्याण की भावना को आगे बढ़ाते हुए अग्रवाल सभा, अग्रवाल नवयुवक मंडल एवं अग्रवाल महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में 15 मार्च रविवार को अग्रसेन भवन, कटघोरा में एक विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक संचालित होगा। वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, अनियमित खान-पान, मानसिक तनाव एवं व्यस्त दिनचर्या के कारण हृदय रोग, मधुमेह, लिवर संबंधी समस्याएँ एवं अन्य गंभीर बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते स्वास्थ्य की नियमित जाँच कराई जाए तो अनेक रोगों की पहचान प्रारंभिक अवस्था में ही संभव है, जिससे उनका प्रभावी उपचार किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से समाजहित में यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।

उक्त शिविर में बिलासपुर के प्रतिष्ठित एवं अनुभवी विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगे

जिसके अंतर्गत डॉ. आकाश गर्ग अपोलो हॉस्पिटल बिलासपुर उपस्थित रहेंगे। डॉ. गर्ग लिवर एवं पाचन तंत्र से संबंधित रोगों के विशेषज्ञ हैं और आधुनिक तकनीक के माध्यम से जाँच एवं परामर्श प्रदान करेंगे। डॉ. राजेश अग्रवाल महाराणा चौक, बिलासपुर डॉ. अग्रवाल मधुमेह एवं सामान्य चिकित्सा के क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक हैं और शुगर एवं अन्य सामान्य रोगों के संबंध में परामर्श देंगे।

निःशुल्क जाँच सुविधाएँ अंतर्गत शिविर में लिवर की उन्नत जाँच, हृदय की जाँच, लिवर फंक्शन टेस्ट, कोलेस्ट्रॉल जाँच, दीर्घकालीन शुगर जाँच, यूरिक एसिड आदि जाँच निःशुल्क की जाएँगी।

इन जाँचों के माध्यम से लिवर, हृदय, मधुमेह एवं अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी स्थितियों का आंकलन किया जाएगा। सभी वर्गों के लिए खुला शिविर आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि यह स्वास्थ्य शिविर सभी समाज एवं सभी वर्गों के लोगों के लिए पूर्णतः निःशुल्क एवं खुला है। किसी भी व्यक्ति को जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम अग्रसेन भवन, कटघोरा में 15 मार्च को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक चलेगा।

अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अमन गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में समय एवं जाँच की संख्या सीमित रहेगी। अतः इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे पूर्व में अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें, जिससे जाँच के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या विलंब न हो। पंजीकरण हेतु अमन गोयल अध्यक्ष अग्रवाल नवयुवक मंडल मोबाइल 9977770831 पर संपर्क कर सकते हैं।

## परीक्षा केंद्र के बाहर तिलक लगाकर परीक्षार्थियों का बढ़ाया हौसला

**कोरबा ।** परीक्षा से पहले प्रेरणा का स्पर्श संजीवनी की तरह हो सकता है। यही उद्देश्य रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोरबा द्वारा परीक्षा केंद्रों के बाहर कार्यकर्ताओं ने 10वीं बोर्ड के परीक्षार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। परीक्षार्थियों को कलम भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने, सकारात्मक सोच बनाए रखने और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने का संदेश भी दिया गया।

कुछ दिनों से देखा जा रहा था कि कोरबा जिला में बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थी तनाव ग्रसित नजर आ रहे थे इसे ध्यान में रखते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने के पूर्व मस्तक पर तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शुभकामनाएं देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के मन से परीक्षा का तनाव कम कर उनमें उत्साह और आत्मबल का संचार करना था। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र की भविष्य की शक्ति हैं और उनकी सफलता समाज एवं देश की प्रगति का आधार है।

## मुख्यमंत्री साय के जन्मदिन पर दीपका में हुआ विविध कार्यक्रम



**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टीकरिहा एवं जिला अध्यक्ष वैभव शर्मा के निर्देश पर छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के 62वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल दीपका द्वारा अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं महतारी वंदना योजना के लाभार्थियों के घर पहुंचकर उनका सम्मान किया गया और शासन की योजनाओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया। लाभार्थियों को श्रीफल, गमछा एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर भाजपा मंडल दीपका अध्यक्ष राजू प्रजापति, मंडल उपाध्यक्ष मनोज दुबे, मंडल महामंत्री धर्म तिवारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल दीपका अध्यक्ष एवं पार्षद सुजीत सिंह, मंडल मंत्री सत्यम यादव, गौकरण कंवर, राकेश यादव, रितेश झरिया, ज्योतेश यादव, दिलबहार राजपूत सहित भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल दीपका के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## निगम आयुक्त ने दादर तालाब पहुंच कर टीम के साथ किया सफाई का कार्य

**कोरबा ।** कोरबा नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने दादर बस्ती माँ कंकालीन देवी मंदिर के पीछे स्थित तालाब पर पहुंचकर टीम के साथ जल स्त्रोत की सफाई का कार्य किया गया तथा घंटों तक स्वयं सफाई कार्य करते हुए स्वच्छता व साफ-सफाई कार्यो में सबकी सहभागिता का आव्हान किया।

इस दौरान बड़ी मात्रा में अपशिष्ट का संग्रहण कर, कचरे का परिवहन व डिस्पोजल कराया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस मौके पर स्वच्छता को अपनी जीवनशैली बनाने, स्वच्छता को अपनी आदत में शामिल करने की अपील आमजन से करते हुए संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं की इस पहल की सराहना की।नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत ग्राम्य बस्ती दादर माँ कंकालीन देवी मंदिर के पीछे स्थित तालाब में संत निरंकारी मिशन के कार्यकर्ताओं व नगर निगम कोरबा के संयुक्त तत्वाधान में तालाब जल स्त्रोत की सफाई हेतु स्वच्छता अभियान संचालित किया गया तथा जल स्त्रोत की सफाई की गई। इस मौके पर आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए स्वच्छता का कार्य किया, उन्होने टीम के साथ मिलकर साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता कार्य में अपना श्रमदान दिया। इस मौके पर तालाब की मेढ़ व वहाँ पर स्थित 03 घाट की विशेष साफ-सफाई कर बड़ी मात्रा में डिस्पोजल, पाउच कैरीबैग, प्लास्टिक कचरा, पूजा सामग्री का अपशिष्ट व बर्म झाड़ियाँ आदि का संग्रहण कर कचरे का उठाव परिवहन व डिस्पोजल कराया गया।

इस अवसर पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कहा कि आज जल स्त्रोत दादर तालाब की सफाई का कार्य संत निरंकारी मिशन के सेवा दल सदस्यों व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा किया गया। जल पंच तत्वों से एक है तथा जल में ईश्वर का वास होता है, जल एवं जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखना, उनमें गदंगी न होने देना, हम सभी का दायित्व है तथा स्वच्छता में सबकी सहभागिता आवश्यक है। उन्होने कहा कि निगम द्वारा निरंतर स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों तथा आमजन के सहयोग से जल स्त्रोतों की सफाई मार्गो, सार्वजनिक स्थलों व वार्ड-बस्तियों में सफाई का कार्य लगातार किया जाएगा

## विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर कोरबा में सेवा का संगम भाजपा ने मनाया सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस




**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी जिला कोरबा द्वारा प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस को पूरे उत्साह और सेवा भाव के साथ 'सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस' के रूप में मनाया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी के नेतृत्व में जिले भर में जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर इस दिन को यादगार बना दिया गया।

मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर, वृक्षारोपण, अस्पतालों में फल वितरण, जरूरतमंदों को राशन सामग्री प्रदान, तालाबों की साफ-सफाई, महतारी सम्मान समारोह, विभिन्न सामाजिक वर्गों का सम्मान तथा मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद दीप प्रज्ज्वलन व प्रसादी वितरण जैसे अनेक सेवा कार्य संपन्न किए गए। जिले के सभी मंडलों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जनकल्याण की भावना को साकार रूप दिया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का संकल्प दोहरा रहा है। जिनमें महिला मोर्चा वृक्षारोपण अभियान, किसान मोर्चा कृषकों का सम्मान, जनजाति मोर्चा फल वितरण, अनुसूचित जाति मोर्चा स्वच्छता अभियान, पिछड़ा वर्ग मोर्चा श्रमिक सम्मान, युवा मोर्चा हितग्राही सम्मान एवं महतारी वंदन, इसी प्रकार सभी मंडलों में मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं द्वारा सेवा के कार्य किये गये।

भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की दिशा में निरंतर कार्य हो रहे हैं। किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी, 'महतारी वंदन' योजना के अंतर्गत माताओं-बहनों को 1000 रुपए प्रतिमाह की सहायता तथा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के माध्यम से प्रदेश में विकास की नई धारा प्रवाहित हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं निरंतर प्रगति की कामना करते हुए कहा कि भाजपा परिवार जिला कोरबा की ओर से उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई। सेवा, समर्पण और संकल्प के साथ मनाया गया यह आयोजन कोरबा जिले में जनसेवा के एक नए उत्साह का

## सामाजिक सेवा योगदान के लिए अदाणी फाउंडेशन ने कोरबा के 600 महिलाओं को किया सम्मानित




**कोरबा।** जिले के बरपाली तहसील में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। अदाणी फाउंडेशन द्वारा कोरबा पॉवर लिमिटेड के पास के ग्राम पताड़ी में आयोजित सम्मान समारोह में आसपास की 14 ग्राम पंचायतों से लगभग 600 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पताड़ी, पहन्दा, खोड्डुल, सरगबूंदिया, कुदूरमल, ढ़नढ़नी, कटबितला, देवरमल, इत्यादि ग्रामों की 100 मितनिनों तथा 500 स्व-सहायता समूहों की सदस्यों को उनके सामाजिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसका उद्देश्य क्षेत्र की महिलाओं को प्रोत्साहित करने और समाज में उनकी भूमिका को सम्मान देना है जो की भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम के मंचस्थ अतिथियों में सुष्मिता अनंत - जिला पंचायत सदस्य, श्रीमति रीना सिदार - जनपद सदस्य सरगबूंदिया, कुमारी वंदना गुप्ता-जिला समन्वयक मितानीन मौजूद थीं। साथ ही श्रीमति संगीता कुंवर, सरपंच-पहंदा, श्रीमति निकीता सिंह, सरपंच खोड्डुल, श्रीमति रिंकी कंवर-सरपंच बरीडीह, श्रीमति ललीता जगत - सरपंच उरगा, अचला कंवर - सरपंच कटबितला डॉ रजनी कटकवार स्वास्थ्य केंद्र, पताड़ी दीप्ति डिकसेना अंचल स्वास्थ्य अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आदबाई पूर्व सरपंच पताड़ी सहित कई ग्राम सरपंच व प्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। इसके अलावा कोरबा पॉवर लिमिटेड के डॉ. विकास ठाकुर, श्री अरुण प्रसाद सहित अदाणी फाउंडेशन के अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई।कार्यक्रम में सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती सुष्मिता अनंत ने कहा कि, 'आज महिलाएं देश की हर सेवा और क्षेत्र में उच्च पदों पर कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रपति भी महिला हैं, जो देश की प्रगति में महिलाओं की बढ़ती भूमिका का प्रतीक है। आज समाज के विकास में महिलाओं के योगदान को गौरव का विषय है।अदाणी समूह द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह महिलाओं को आगे बढ़ने और आत्मविश्वास बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं ट्रेन से लेकर विमान तक संचालित कर रही हैं और समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही हैं।' जनपद सदस्य रीना सिदार ने अपने संबोधन में कहा। जिला समन्वयक (मितानिन) श्रीमती वंदना गुप्ता ने बताया कि, 'मितानिनों ने कोरोना काल जैसे कठिन समय में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिलाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने कहा कि प्रसूति सेवाओं सहित ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में मितानिनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है और महिलाएं आज हर क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। 'कार्यक्रम में कोरबा पॉवर से डॉ. विकास ठाकुर ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता समाज को नई दिशा देने का संकेत है और इससे क्षेत्रीय विकास तथा संयंत्र के प्रति सहयोग को भी बल मिलेगा।अंत में मंचस्थ अतिथियों को स्मृति चिन्ह व पौधा देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रीति प्रजापति, ताजेंद्र बंजारे, पवन महतो, स्वप्निल कुमार, अभिषेक कुमार, सुमित साहू, कृष्णा कुमार का विशेष सहयोग रहा।अदाणी फाउंडेशन के इन प्रयासों से यह स्पष्ट है कि 'कम्युनिटी फर्स्ट' की भावना के साथ संस्था स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता देते हुए कोरबा क्षेत्र के समग्र और सतत विकास की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य और अधोसंरचना विकास सहित महिलाओं के उन्नयन में भी विशेष कार्य संचालित किए जा रहे हैं।

## इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर के सुरक्षित उपयोग पर कार्यशाला आयोजित

**कोरबा ।** साउथ ईस्टर्न कोल् फील्ड्स लिमिटेड के ऊर्जा क्लब, कुसमुंडा क्षेत्र में 'खानों में इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर के सुरक्षित उपयोग' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यशाला मुकेश कुमार सिन्हा, डीएमएस, बिलासपुर क्षेत्र क्रमांक-01 के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।कार्यक्रम को निदेशक (तकनीकी संचालन), एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, एसईसीएल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबंधक (एस एंड आर), महाप्रबंधक (उत्पादन) एसईसीएल मुख्यालय, क्षेत्रीय महाप्रबंधक (कुसमुंडा, गेवरा, दीपका एवं कोरबा क्षेत्र) तथा महाप्रबंधक (संचालन), कुसमुंडा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों के खान प्रबंधक, क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा अधिकारी, ब्लास्टिंग अधिकारी एवं उनकी टीमें, वरिष्ठ अधिकारी तथा सुपरवाइजर उपस्थित रहे। इसमें विस्फोटक निर्माण कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। एसईसीएल के अन्य कई क्षेत्रों ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यशाला में खान प्रबंधन, ब्लास्टिंग विशेषज्ञों, सुरक्षा अधिकारियों एवं निर्माताओं के बीच सुरक्षित ब्लास्टिंग पद्धतियों, परिचालन चुनौतियों तथा इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेशन प्रणालियों में तकनीकी उन्नति पर सार्थक विचार-विमर्श का मंच प्रदान किया। चर्चा के दौरान प्रणाली के घटक, संभावित जोखिम, फील्ड विफलताएं, परीक्षण प्रक्रियाएं, प्री-ब्लास्ट निरीक्षण, मिसफायर रोकथाम, ब्लास्ट डिज़ाइन अनुकूलन तथा सुरक्षा प्रबंधन योजना में जोखिम आकलन जैसे विषयों पर विशेष बल दिया गया।

# रेलवे स्टेशन के बाहर 5 किलो गांजा के साथ पकड़े गए तस्कर




**अकलतरा।** गांजा तस्करी करते दो तस्कर 5 किलो से अधिक गांजा के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ गए। रेलवे स्टेशन के बाहर पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल की टीम ने दोनों को पकड़ा। क्षेत्र में खपाने के लिए उड़ीसा से गांजा लाया गया था। जब्त गांजा की कीमत 2 लाख 58 हजार रुपए बताई जा रही है।अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अकलतरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रेलवे सुरक्षा बल के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 5 किलोग्राम से अधिक गांजा जब्त किया है। मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले में एक विधि से संघर्षरत बालक की संलिप्तता भी सामने आई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 फरवरी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि रेलवे स्टेशन अकलतरा के पास दो व्यक्ति संदिग्ध हालत में गांजा लेकर खड़े हैं। सूचना पर थाना अकलतरा पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई तथा रेलवे सुरक्षा बल से भी संपर्क कर संयुक्त रूप से घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। जांच के दौरान आरोपियों के कब्जे से कुल 5.161 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 2 लाख 58 हजार रुपये बताई गई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे उड़ीसा से गांजा लाकर क्षेत्र में खपाने की फिराक में थे।मुख्य आरोपी अभिषेक सूर्यवंशी 21 वर्ष निवासी ग्राम सारागांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार आरोपी पूर्व में भी आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है और उसका आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना अकलतरा से निरीक्षक भास्कर शर्मा, एसआई बी.एल. कोसरिया, गौकरण राय, गुलशन लकड़ा, बसंत साहू तथा रेलवे सुरक्षा बल मंडल टास्क टीम बिलासपुर के प्रधान आरक्षक आर.पी. द्विवेदी, सत्यम सरकार एवं रणवीर का योगदान रहा।

**बम्हनीडीह में भी पकड़ाया गुंडा बदमाश**

होली त्योहार की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस ने गुंडा बदमाशों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी निगरानी अभियान के तहत बम्हनीडीह क्षेत्र में पुलिस ने एक गुंडा बदमाश रजत उर्फ गोलू दीवान को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बम्हनीडीह- बिर्रा मेन रोड चारपारा रोड में रेड कार्यवाही कर पुलिस ने बम्हनीडीह निवासी 31 वर्षीयरजत दीवान उर्फ गोलू को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से 4.774 किलो ग्राम गांजा जब्त किया गया। जब्त गांजा की कीमत 2 लाख 40 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के विरुद्ध एन डी पी एस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## नकल पर नकेल कसने माशिमं सदस्य के साथ अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**जांजगीर चांपा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाईस्कूल की वार्षिक परीक्षाएं शनिवार से हिंदी पर्चे के साथ शुरू हुई। परीक्षा के लिए चांपा में चार केंद्र बनाए गए है। इनमें दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे ।

नकल पर नकेल कसने माशिमं सदस्य के साथ ही अधिकारियों ने शनिवार 21 फरवरी को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया । माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य चंद्रकांत तिवारी एवं बीईओ बम्हनीडीह की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बरपालीचांपा, स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय चांपा के परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। टीम ने विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था एवं परीक्षा गतिविधियों की जानकारी ली।

बोर्ड मेंबर ने सम्बंधित परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्ष से परीक्षा में शामिल विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली और सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान टीम परीक्षा केंद्रों में परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही नकल की रोकथाम के लिए चौकस रहने की हिदायत दी। बिर्रा। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की 12 बोर्ड परीक्षा 20 फरवरी को भूगोल और भौतिक विज्ञान से शुरू हुआ है। बम्हनीडीह विकासखण्ड अंर्तगत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तालदेवरी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। तालदेवरी सिलादेही बोरसी और बिर्रा से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, डीडीएस स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर से परीक्षार्थी शामिल हुए। केंद्राध्यक्ष रमेश कुमार मेहरा ने बताया कि 12 कक्षा में कुल 233 परीक्षार्थी में 2 छात्र अनुपस्थित रहे। वही हाई स्कूल 10 वीं का हिन्दी पर्चा के साथ शुरू हुआ है। जिसमें 367 में 6 बच्चे अनुपस्थित रहे।

**अनुपस्थित रहे 441 विद्यार्थी**

कक्षा दसवीं की परीक्षा में शामिल होने के लिए जिले में 13 हजार 412 विद्यार्थी पंजीकृत थे। शनिवार को हुई परीक्षा में में 12 हजार 971 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं 441 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में दसवीं की हिन्दी परीक्षा में नकल का कोई प्रकरण नहीं बना।

## सारागांव में बिजली चोरी करते 6 पकड़े गए

**जांजगीर-चांपा।** चोरी की बिजली से घर रोशन करने वाले 6 लोगों के खिलाफ विद्युत मंडल ने कार्रवाई की है। स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर उपभोक्ताओं द्वारा बिजली की चोरी की जा रही थी। अब सभी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है।

बिजली चोरी पर लगाम कसने विद्युत मंडल द्वारा अभियान छेड़ दिया गया है। विद्युत विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिजली विभाग ने सारागांव में बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 लोगों को चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा। यह अभियान विभाग के एस ई अमर चौधरी एवं ई ई अजय भारद्वाज के निर्देश पर चलाया गया। बिजली विभाग के ए ई

अंकित सोनी ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा की गई जांच में सामने आया कि संबंधित उपभोक्ता स्मार्ट मीटर से पहले सर्विस वायर को काटकर सीधे बिजली आपूर्ति ले रहे थे। इस अवैध कनेक्शन के माध्यम से लंबे समय से बिजली चोरी की जा रही थी, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान हो रहा था। कार्रवाई के दौरान सभी 6 उपभोक्ताओं के खिलाफपंचनामा तैयार कर लिया गया है। विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित आरोपियों के खिलाफ थाना सारागांव में एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। बिजली विभाग ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि बिजली चोरी किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इसी प्रकार की सघन जांच व कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## त्वचा रोग विशेषज्ञ मिश्रा डी के मेडिकल जांजगीर में 22 फरवरी को उपलब्ध होंगे

**जांजगीर चांपा।** प्रदेश के प्रमुख एवं वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ अनिल मिश्रा, जिला मुख्यालय जांजगीर स्थित सिटी क्लिनिक डी के मेडिकल परिसर जांजगीर में दिनांक 22 फरवरी रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक त्वचा रोग चिकित्सा एवं परामर्श हेतु उपलब्ध रहेंगे, इस अवसर पर त्वचा रोग विशेषज्ञ के रूप में डॉ अनिल मिश्रा एम बी बी एस, एम डी (स्किन एंड वीडी) द्वारा मरीजों को कील मुंहासों के धब्बे, सौंदर्य परामर्श, बाल संबंधी परामर्श सफेद दाग, सोरायसिस, जटिल चर्म रोग, मस्से वार्ट्स, केलाइडल, गोखरू, नाखूनों का सड़ना चेहरे का दाग झुर्रियां, यौन गुप्त सेक्स रोग संबंधी रोगों के ईलाज हेतु परामर्श दिया जाएगा, जानकारी हेतु डॉ अनिल मिश्रा विगत 5 महीनों से डी के मेडिकल स्टोर जांजगीर स्थित सिटी क्लिनिक में प्रत्येक महीने के तीसरे रविवार को पधारकर अंचल वासियों के समस्त प्रकार के त्वचा संबंधी बीमारियों का सफल इलाज करते हुए परामर्श दे रहे हैं। इस अवसर पर संयोजक डॉ हर्षवर्धन सिंह मोबाइल 7898767665 अपना योगदान देंगे, उपरोक्त सुविधा का लाभ उठाने देवेश कुमार सिंह ने अंचल वासीयों से अपील किया है।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2026: निर्वाचक नामावली का किया गया अंतिम प्रकाशन



**जांजगीर चांपा ।** भारत निर्वाचन आयोग नई-दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन रायपुर के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम - 2026 संपन्न कराया गया है। जिसके अंतर्गत एकीकृत मतदाता सूची (निर्वाचक-नामावली) का प्रारंभिक प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया गया था। तद्उपरांत पुनरीक्षण गतिविधियों जैसे-दावा आपत्ति प्राप्त करना, निराकरण की कार्यवाही करना इत्यादि पूर्ण की गई है। आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज 21 फरवरी 2026 (शनिवार) को किया गया। इस संबंध में कलेक्टर ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनैतिक दलों की बैठक लेकर निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। जिला स्तर पर मतदाता सूची की 01 फोटोयुक्त प्रति एवं 01 फोटो रहित प्रति सॉफ्टकापी डीव्हीडी सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दलों को निःशुल्क प्रदान की गई है। इस अवसर पर शिशिर द्विवेदी, जगमोहन पाटले, ईश्वर राठौर, डॉ हेमंत कश्यप, पुष्पेन्द्र निर्मलकर, कमला प्रसाद खुंटे सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## ठाकुरदेव मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण का हुआ शुभारंभ



**राहौद ।** नगर के ठाकुर देव मंदिर परिसर में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया है। जहां भागवत सप्ताह यज्ञ में सत्संग लाभ के साथ भगवान की कथा और संकीर्तन का लाभ प्रतिदिन सैकड़ो श्रोता प्राप्त कर रहे हैं। श्रीमद्भागवत कथा के ब्यास पंडित देव कृष्ण शर्मा ने श्रोताओं को बताया कि श्रीमद् भागवत संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए यह सर्वश्रेष्ठ सत्कर्म है। भगवान के विविध लीलाओं का और अवतारों का इतिहास और संहिता भी यही है। संसार के लोगों को भागवत से भक्ति ज्ञान वैराग्य और तप का पुण्य फल प्राप्त होता है। भागवत

श्रवण का पुण्य लाभ भगवान का भक्त बनना और जीवन को भागवत पारायण बनाना है। भक्ति करके ही हम मुक्ति। और सद्गति के अधिकारी बन सकते हैं। भागवत महापुराण

गर्जना करके कहता है कि मुझे आत्मसात करो मैं तुम्हें सद्गति प्रदान करूंगा। इसी श्रीमद्भागवत का आश्रय लेकर भक्ति देवी के दोनों बेटे ज्ञान और वैराग्य को किशोर अवस्था की प्राप्ति हुई, उनकी जरवस्था दूर हुई थी। भागवत महापुराण को पुराणों का तिलक कहा गया है इसे पंचम वेद की उपाधि दी गई है। भक्ति में वह जादू है कि 5 वर्ष के बालक ध्रुव जी को भगवान साक्षात मिले थे। भगवान हमेशा अपने भक्त के वशीभूत हो जाते हैं और अपने भक्त का मान बढ़ाने के लिए वे अजन्मा तो कहलाते हैं परंतु संपूर्ण विश्व का कल्याण करने के लिए बार-बार अवतार भी लेते हैं। आचार्य देव कृष्ण महाराज ने बताया कि अपने भक्त का मान बढ़ाने के लिए भगवान खंबे से भी प्रकट हो जाते हैं। भगवान भक्ति के वशीभूत होते हैं। भक्ति हर व्यक्ति के हृदय में प्रवेश नहीं करती। भक्ति चाहे तो 5 वर्ष के बालक के मन में प्रवेश करे नहीं तो अस्सी साल के दादाजी को भी भक्ति नहीं होती। भक्ति जहां चाहता है भगवान में वही आते हैं आवश्यकता है, हमारे पवित्र भावनाओं की। भागवत केवल कथा नहीं है, यह तो भगवान के भक्तों की कथा से परिपूर्ण है।

## दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत महिला स्व सहायता समूहों का पुरी रवाना



**सक्ती।** जिला सक्ती अंतर्गत संचालित महिला स्व सहायता समूहों की अध्यक्षों एवं सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत अध्ययन एवं अवलोकन हेतु जिला पुरी (ओडिशा) के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला स्व सहायता समूहों को सफल उत्पादक समूहों की कार्यप्रणाली, प्रबंधन, विपणन व्यवस्था एवं स्वरोजगार मॉडल का प्रत्यक्ष अध्ययन कराना है, ताकि वे अपने जिले में भी इन मॉडलों को अपनाकर आर्थिक गतिविधियों को सशक्त बना सकें। भ्रमण के दौरान समूह की महिलाएं जिला पुरी के महिला स्व सहायता उत्पादक समूहों के कार्यों का अवलोकन करेंगी। जिससे उन्हें नए अनुभव प्राप्त होंगे और नवाचार के लिए प्रेरणा मिलेगी। प्रशासन द्वारा इसे महिला स्व सहायता समूहों को सशक्त बनाने तथा उनकी आर्थिक उन्नति को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को धरदबोचा

**जांजगीर।** पामगढ़ थाना पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पंजाब से धरदबोचा। आरोपी रवि यादव पिता हबीब लाल उम्र 20 वर्ष निवासी दर्री थाना पामगढ़ ने बहला-फुसलाकर नाबालिग का अपहरण किया था। पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर 15 अक्टूबर 2025 को थाना पामगढ़ में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। घटना के तुरंत बाद आरोपी भाग गया था। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी पंजाब में छिपा हुआ है। टीम ने वहां विशेष कार्रवाई कर रवि को पकड़ लिया और हिरासत में लिया।


### 3 चोर से लाखों के जेवर व कार जब्त

**जांजगीर।** बिर्रा पुलिस ने चोर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। आरोपियों से सोने-चांदी के गहने, मोबाइल और अन्य कीमती सामान बरामद किए गए। तालदेवरी निवासी कृष्णो साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि गत 29 जनवरी रात खाना खाने के बाद सो गए थे। सुबह उठने पर अलमारी और लॉकर खुली हुई थी। लॉकर में रखे जेवर गायब थे। एफआईआर के बाद बिर्रा थाना स्टाफ और साइबर टीम ने संदेहियों की तफ्तीश शुरू की। जांच के दौरान आरोपी राज कुमार बलौदाबाजार-भाटापारा से पूछताछ की गई। उनके कब्जे से जेवर और मोबाइल बरामद किए गए।

## ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण

**जांजगीर चांपा।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ। समारोह में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव सहित गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पुरस्कार प्रदान किए। अपने प्रेरणादायी संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण ही सफलता की कुंजी है। विद्यार्थियों को जीवन में उच्च आदर्श स्थापित करने के लिए सदैव प्रयासरत रहना चाहिए।

नर्सरी से लेकर कक्षा 12वीं तक के हिंदी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम के अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को शील्ड एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त किया। विद्यालय के उन शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में विशेष योगदान दिया। उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर विद्यालय परिवार द्वारा सम्मान व्यक्त किया गया।



## तीन दिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम डोंगाकोहरौद में प्रारंभ

**पामगढ़ ।** कबीर में पारख सत्संग सेवा समिति के तत्त्वावधान शिदिवसीय सद्गुरु कबीर संत समागम का आयोजन ग्राम पचायत डोंगाकोहारौद बाजार परिसर में होगा। इसमें भजन, प्रवचन, एवं सत्संग के कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार से कबीर पंथी श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया हैं। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के रुकने और खाने की व्यवस्था कार्यर म स्थल पर ही की गई है। रविवार देर रात तक कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा था। समिति के रमाकांत पटेल ने बताया कि कार्यक्रम 23, 24, 25, को भजन, सत्संग प्रवचन प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक भजन संध्या होगी। जिसमें मुख्य प्रवक्ता महान चिंतक गुरुदेव परीक्षा साहेब कबीर आश्रम जियनपुर अयोध्या उत्तरप्रदेश से अपनी संत मण्डली से पधार रहे हैं। परीक्षा साहेब के द्वारा क्या आप भ्रम, अंधविश्वास मान्यताओं से मुक्ति चाहते हैं, क्या आप सत्य को समझना चाहते हैं, क्या आप जीवन में प्रेम आनंद शांति पाना चाहते क्या आप जीवन मे स्वर्ग अनुभव करना चाहते हैं।

## दिशा मर्डर केस में, पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद कार्रवाई शुरू

**जांजगीर-सक्ती।** सक्ती जिले में एक संभ्रांत घर की युवती को जिंदा जला देने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने आखिरकार हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। हत्या की वारदात को अंजाम उसके प्रेमी योगेंद्र साहू ने दिया था। पुलिस ने फिलहाल एक आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। जांच में आरोपियों की संख्या बढ़ भी सकती है। गौरतलब है कि सक्ती शहर के वार्ड क्रमांक 11 झूलकदम की रहने वाली मीना मरावी की 23 वर्षीय इकलौती बेटी दिशा मरावी को कथित रूप से जिंदा जला देने का मामला सामने आया था। पीड़िता के मुताबिक 24 जनवरी की दोपहर करीब 1.40 बजे उन्हें एक अज्ञात नंबर से फोन आया कि उनकी बेटी जली हुई हालत में सक्ती के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। बदहवास हालत में जब वह अस्पताल पहुंचीं तो दिशा बुरी तरह झुलसी हुई थी। हालत गंभीर होने पर उसे बिलासपुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान 1 फरवरी 2026 को उसकी मौत हो गई। मां मीना का आरोप है कि ग्राम सकरेली कला निवासी योगेंद्र कुमार साहू ने अपने साथी महेंद्र कुमार सिदार (निवासी आमापाली) और आशीष पटेल के साथ मिलकर सुनियोजित साजिश के तहत दिशा को होटल में बुलाया। वहां कथित रूप से उस पर तारपीन तेल डालकर आग लगा दी गई। घटना से पहले योगेंद्र उनकी बेटी को अक्सर होटल में बुलाता था। 24 जनवरी को भी उसे बाराद्वार रोड स्थित सिंह ढाबा होटल बुलाया, जहां तीनों युवक पहले से मौजूद थे। किसी बात को लेकर विवाद हुआ और फिर हाथापाई के दौरान कथित रूप से ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी गई। पुलिस को बिलासपुर के तारबहार थाने से मर्ग डायरी प्राप्त हो गई और आरोपी योगेंद्र साहू के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

## निधन

### श्रीमती रजनी शर्मा

**शिवरीनारायण।** नगर की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती रजनी शर्मा का शनिवार 21 फरवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन एवं नगरवासी शामिल हुए। वे नगर के प्रतिष्ठित नागरिक राकेश शर्मा, रितेश शर्मा एवं रवि शर्मा की माता थी।

### मोहन सिंह राजपूत

**चांपा।** स्थानीय कदंब चौक के आगे रानी रोड बाबा घाट निवासी सेवानिवृत्त पोस्टमेन स्व. गोपाल सिंह राजपूत के सुपुत्र तथा कोरबा में पदस्थ नगर सैनिक मोहन सिंह राजपूत का शनिवार 21 फरवरी को सुबह कोरबा में निधन हो गया। वे 51 वर्ष के थे। स्व. राजपूत अपने पीछे पत्नी समेत एक पुत्री का परिवार छोड़ गये है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को ही दोपहर 2 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं सहित गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### सतकुमार राठौर

**जांजगीर चांपा।** ग्राम खोखरा के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पूर्व उपसरपंच राजू राठौर के पिता सतकुमार राठौर का 65 वर्ष की उम्र में शुक्रवार 20 फरवरी को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र लक्ष्मी नारायण राठौर ने दी। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में स्वजन सहित ग्रामीण शामिल हुए।

# कलेक्टर ने प्रेसवार्ता कर एसआईआर अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की दी जानकारी

**सक्ती।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़, रायपुर के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का सफलतापूर्वक समापन कर अंतिम मतदाता सूची का आज प्रकाशन किया गया। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमृत विकास तोपनो ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। कलेक्टर ने एसआईआर के बारे में बताया कि अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर जिला सक्ती में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण संपन्न किया गया। उन्होंने कहा कि चार महीने तक चले निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज दिनांक 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित की गई, जिसमें कुल 670283 मतदाता पंजीकृत है। मतदाता सूची के प्रारूप (ड्राफ्ट) प्रकाशन के बाद 9331 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए 765 बीएलओ ने घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए और 660952 मतदाताओं के मिलान और मैपिंग का कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर ने



एसआईआर कार्य में सहयोग व जागरूकता के लिए मीडिया प्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों, राजनैतिक दलों, स्वयंसेवको सहित अन्य संगठनों व समस्त जिलेवासियों का आभार व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम अंतिम मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म-6 भरकर, उसके साथ घोषणा पत्र और आवश्यक सहायक दस्तावेज़ संलग्न कर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही अंतिम मतदाता सूची में दी गई जानकारी में कोई त्रुटि एवं स्थानातंरण हेतु फॉर्म-8 भरकर आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ ऑनलाइन या ऑफलाइन सुधार के लिए आवेदन किया जा सकता है।

कलेक्टर ने बताया कि एसआईआर की घोषणा के बाद से ही जिले में मतदाताओं को गणना फॉर्म के वितरण से लेकर उनके डिजिटलीकरण का कार्य मिशन मोड पर किया गया। इस दौरान जो गणना फॉर्म मृत मतदाता, स्थायी स्थानांतरण या अनुपस्थिति के कारण वापस नही मिले, उनकी पुष्टि के लिए बूथ लेवल अधिकारियों और राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंटों के बीच बैठकें आयोजित की गई। जिले में इन बैठकों के अंत में, जिन मतदाताओं के गणना फॉर्म वापस नहीं आए, उनकी सूची विधानसभा क्षेत्रवार जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सक्ती की वेबसाइट https://distsakti.nic.in और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाइट https://ceochhattis-garh.nic.in पर प्रकाशित की गई थी। चार महीने तक चली निरंतर प्रक्रिया के बाद. 01.01.2026 की अर्हता तिथि के आधार पर आज दिनांक 21.02.2026 को जिला सक्ती के सभी मतदान केंद्रों सहित प्रत्येक निर्धारित स्थानों पर अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सक्ती की वेबसाइट https://distsakti.nic.in और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ की वेबसाइट https://ceochhattis-garh.nic.in पर भी उपलब्ध है, जहाँ मतदाता अपने विवरण की जाँच कर सकते हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री कावेरी मरकाम, जनसंपर्क अधिकारी आनंद दुबे, निर्वाचन पर्यवेक्षक राधेश्याम साहू, श्रवण गभेल सहित विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि व निर्वाचन कार्यालय के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**इन माध्यमों से अंतिम मतदाता सूची में देख सकते हैं अपना नाम**

ऐसे सभी मतदाता जो अपना नाम अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल हैं या नहीं देखना चाहते हैं। वे वेबसाइट https://ceochhattisgarh.nic.in , वोटर पोर्टल https://voters.eci.gov.in , ECINETAPP, संबंधित बीएलओ के माध्यम से, जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, संबंधित ERO ß AERO कार्यालय के माध्यम से अपने नाम जुड़ने की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अनमोल वचन......

हर स्ट्राइक मुझे अगले होम रन के करीब ले जाती है।

# कांग्रेस को सबक लेना चाहिए

*कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है।*

*डीएमके प्रमुख एमके स्टालिन ने तमिलनाडु में कांग्रेस के साथ सत्ता साझा करने की संभावना से दो टूक इनकार कर इंडिया एलायंस को वैसे विवाद से बचा लेने की कोशिश है, जिसका भारी नुकसान इस समूह को कई राज्यों में उठाना पड़ा। गौरतलब है कि हरियाणा से लेकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश लेकर बिहार तक- ऐसे विवाद में समान पात्र कांग्रेस रही। मध्य प्रदेश और हरियाणा में गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी होने की अपनी हैसियत को जताते हुए टिकट बंटवारे में उसने समाजवादी पार्टी या अन्य छोटे दलों की मांगों को सिरे से ठुकरा दिया। महाराष्ट्र और बिहार में अधिक सीटों पर उम्मीदवारी पाने के लिए सबसे बड़े दल पर उसने कई कोण से दबाव बनाए, जिसे बदमजगी पैदा हुई।*

*दोनों राज्यों में मुख्यमंत्री के चेहरे को समर्थन देने में उसने हील-हुज्जत की, जिससे गठबंधन में बिखराव का संदेश गया। अब वही तरीका तमिलनाडु की कांग्रेस इकाई ने कुछ समय पहले से अपनाया हुआ था। चुनाव लड़ने के लिए अधिक सीट और चुनाव के बाद अगर सत्ता मिली, तो सरकार में मंत्री पद का पहले से वादा- कांग्रेस की इन दो मांगों से गठबंधन के अंदर खींचतान का माहौल बन रहा था। डीएमके ने दोनों मांगों को ठुकरा दिया है। इस तरह अब यह कांग्रेस पर है कि वह राज्य में फिलहाल सत्ताधारी गठबंधन में रहे या नहीं। लोकतंत्र में सत्ता में आने की अपेक्षा रखना उचित ही है। लेकिन सत्ता मिलना या ना मिलना समर्थन आधार की ताकत से तय होती है। कांग्रेस की मुश्किल यह है कि समर्थन आधार बढ़ाने की कोई कार्ययोजना उसके पास नहीं है। संभवतः कांग्रेस नेतृत्व को इसकी चिंता भी नहीं है। उसके नेता और कार्यकर्ता राजनीति की धूल-धक्कड़ में नहीं उतरना चाहते। वे नफ़ासत से सियासत करते हैं, जिसका परिणाम जनाधार का सिकुड़ते जाना है। ऐसे में अधिकांश राज्यों में सहयोगी दलों की पीठ पर सवारी उनकी मजबूरी बन गई है। मगर इसमें भी वे अपनी शर्तें थोपना चाहते हैं। इसका खराब तजुर्बा सहयोगी दलों को हुआ है। मगर वैसे अनुभव से गुजरने से डीएमके ने इनकार किया है, तो कांग्रेस को उससे सबक लेना चाहिए।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग टैक्सटाइल का काम कर रहे है, उन्हें आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।

**वृष राशि :** आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा। दाम्पत्य जीवन में आपसी ताल-मेल बना रहेगा। अपनी गलतियों से सीखकर आगे बढ़ने की प्रेरणा आपको मिलेगी।

**मिथुन राशि :**आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिये अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए। छात्रों के लिये आज का दिन ठीक रहेगा। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुडे लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किये गये कामों की तारीफ़ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा। महिलाएं अपने जीवनसाथी को आज कुछ मीठा बना कर खिला सकती हैं दोनों के बीच रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए। किसी पुरानी बात को लेकर आप उलझन की स्थिति में आ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रिश्ते को बेहतर बनाने के लिये, उन्हें कुछ उपहार देंगे। किसी दोस्त से कार्यों को पूरा करने में सहयोग मिलेगा।

**कन्या राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से रिलेटिड शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आप दोस्तों के साथ कुछ ख़ुशी के पल बितायेंगे। जो लोग मीडिया से जुड़े हुए हैं, उनके कामों की आज प्रशंसा होगी। आज आपको किसी ख़ास व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।

**तुला राशि :**आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी। इस राशि के लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। थोड़ी मेहनत से किसी बड़े धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा। अनजान व्यक्ति आपका फायदा उठा सकता है, थोड़ा सतर्क रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज जीवनसाथी की मदद से आपका काम आसान हो जायेगा। प्रॉपर्टी के कारोबार से आपको अच्छा ख़ासा फ़ायदा मिलने के संकेत हैं।

**धनु राशि :** आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जायेगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक मामले में फैसला शांति से लेंगे तो आपका काम बन जायेगा। व्यापार को बढ़ाने के लिये बनाया गया प्लान सफल होगा, व्यापार की गति पहले से तेज होगी।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से आपको फायदा होगा 7 रुके हुये कार्यों को पूरा करने के लिये नए सिरे से कोशिश करें।

**मीन राशि :**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरुर मिलेगी। आज आप मेहनत, धैर्य और समझदारी से रुके हुये कार्यों को पूरा कर लेंगे। महिलायें आज घर के कार्यों को पूरा करने में सफल होंगी।

# विकास का संकल्पः ट्रिपल इंजन से बदलेगी दिल्ली की तस्वीर

//ललित गर्ग //

**महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे 'लखपति बिटिया योजना'-सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट में दिल्ली के लिए 70 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि का प्रावधान केवल एक आर्थिक घोषणा नहीं, बल्कि राजधानी के भविष्य की रूपरेखा है। सड़क, रेल परिवहन, मेट्रो विस्तार, जल आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रदूषण नियंत्रण और पुलिस व्यवस्था जैसे बुनियादी क्षेत्रों पर विशेष ध्यान यह संकेत देता है कि केंद्र सरकार दिल्ली को एक सुव्यवस्थित, आधुनिक और आदर्श महानगर के रूप में विकसित करना चाहती है।**

ऐसे समय में जब दिल्ली की भाजपा सरकार अपना एक वर्ष पूर्ण कर रही है, यह स्वाभाविक है कि बीते वर्ष के कामकाज का मूल्यांकन किया जाए और देखा जाए कि तथाकथित ट्रिपल इंजन सरकार का लाभ दिल्लीवासियों को कितना और कैसे मिला है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों और आगामी संकल्पों का उल्लेख करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार ने न केवल नई योजनाओं की शुरुआत की, बल्कि पूर्ववर्ती सरकारों की लंबित और अधूरी परियोजनाओं को भी गति दी है। 'दिल्ली लखपति बिटिया योजना', मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, अधूरी पड़ी आधारभूत परियोजनाओं को पूरा करने की पहल, तथा महिलाओं और छात्रों के लिए नई राहतकारी योजनाओं का खाका-ये सब उनके पहले वर्ष के प्रमुख बिंदु रहे। उनका यह भी कहना है कि ट्रिपल इंजन की व्यवस्था-अर्थात केंद्र, राज्य और नगर निकाय में एक ही राजनीतिक नेतृत्व के कारण विकास कार्यों में समन्वय और गति दोनों आई है।

ट्रिपल इंजन सरकार की अवधारणा का सबसे बड़ा लाभ वित्तीय समन्वय के रूप में सामने आया है। दिल्ली सरकार को अब पूंजीगत व्यय के लिए ऋण अपेक्षाकृत कम ब्याज दर पर उपलब्ध हो रहा है। पहले जहां ब्याज दर 13-14 प्रतिशत तक पहुंच जाती थी, वहीं अब लगभग सात प्रतिशत पर ऋण मिलना संभव हुआ है। केंद्र सरकार द्वारा 21 हजार करोड़ रुपये तक की ऋण सीमा निर्धारित किए जाने से आधारभूत ढांचे के विकास में धनाभाव की आशंका कम हुई है। यही नहीं, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन तथा पीएम भीम योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं की समयावधि बढ़वाने में भी दिल्ली सरकार को सफलता मिली है। आयुष्मान भारत जैसी जनकल्याणकारी योजना का लाभ अब राजधानी के अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को स्वास्थ्य सुरक्षा की ठोस गारंटी मिल रही है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के संकेत अवश्य दिखाई दिए हैं। मोहल्ला क्लीनिक मॉडल पर उठे प्रश्नों और अधूरी स्वास्थ्य परियोजनाओं के बीच नई सरकार ने अस्पतालों के आधुनिकीकरण, बेड क्षमता बढ़ाने और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। यदि यह प्रयास निरंतरता से जारी रहा तो दिल्ली को राष्ट्रीय राजधानी के अनुरूप विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकती हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी पारदर्शिता और गुणवत्ता सुधार का दावा किया गया है। पिछले वर्षों में शिक्षा मॉडल को लेकर जहां एक ओर प्रशंसा हुई, वहीं भवनों की गुणवत्ता, संसाधनों के उपयोग और परिणामों पर सवाल भी उठे। नई सरकार के लिए यह चुनौती है कि वह शिक्षा को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर वास्तविक गुणवत्ता सुधार की दिशा में कार्य करे।

परिवहन और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भी गति लाने का प्रयास हुआ है। मेट्रो नेटवर्क के विस्तार, बस बेड़े के आधुनिकीकरण और सड़कों के सुधार की योजनाएं केंद्र और राज्य के समन्वय से आगे बढ़ रही हैं। दिल्ली मेट्रो पहले से ही राजधानी की जीवनरेखा रही है, अब किराए में राहत या छात्रों के लिए विशेष प्रावधान जैसे कदम यदि लागू होते हैं तो इससे आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा। यातायात जाम की समस्या के समाधान के लिए फ्लाईओवर, अंडरपास और स्मार्ट ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली पर ध्यान देना आवश्यक है। एक वर्ष में कुछ परियोजनाओं को गति मिली है, किंतु राजधानी जैसे विशाल महानगर में ठोस परिणामों के लिए निरंतर प्रयास अपेक्षित हैं। सबसे बड़ी चुनौती पर्यावरण और वायु प्रदूषण की है। बीते दशक में दिल्ली विश्व के सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में गिनी जाने लगी। यह केवल आंकड़ों का विषय नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य का संकट है।

मुख्यमंत्री ने वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए ठोस योजनाओं का उल्लेख किया है-जैसे हरित आवरण बढ़ाना, निर्माण कार्यों पर निगरानी, सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहन और पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय। परंतु यह भी सत्य है कि प्रदूषण जैसी जटिल समस्या का समाधान केवल घोषणाओं से संभव नहीं, इसके लिए कठोर क्रियान्वयन, क्षेत्रीय सहयोग और जनसहभागिता की आवश्यकता होगी। यमुना की सफाई भी दिल्ली की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। वर्षों से यमुना शुद्धिकरण के नाम पर योजनाएं बनती रहीं, बजट खर्च होता रहा, पर परिणाम संतोषजनक नहीं रहे। वर्तमान सरकार ने यमुना को स्वच्छ और पर्यटन योग्य बनाने का संकल्प दोहराया है। यदि सीवेज प्रबंधन, औद्योगिक अपशिष्ट नियंत्रण और नदी तट के पुनर्विकास की योजनाएं समयबद्ध तरीके से लागू होती हैं, तो यह दिल्ली की छवि को नया आयाम दे सकती हैं। यमुना का पुनर्जीवन केवल पर्यावरणीय मुद्दा नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक पुनरुत्थान का भी अवसर है।

महिलाओं और बेटियों के लिए घोषित योजनाएं-जैसे 'लखपति बिटिया योजना'-सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में सकारात्मक कदम मानी जा सकती हैं। यदि इन योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्रों तक पारदर्शिता से पहुंचता है, तो यह परिवारों की आर्थिक सुरक्षा और शिक्षा के अवसरों को बढ़ा सकता है। मुफ्त एलपीजी सिलेंडर जैसी पहल घरेलू अर्थव्यवस्था में राहत देती है, विशेषकर निम्न आय वर्ग के लिए। किंतु इन योजनाओं की सफलता क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी। एक वर्ष की अवधि किसी भी सरकार के लिए बहुत बड़ी नहीं होती, विशेषकर तब जब उसे पिछली सरकारों की अधूरी परियोजनाओं और व्यवस्थागत खामियों को भी दुरुस्त करना हो। यह भी सच है कि राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप के बीच विकास का वास्तविक आकलन कठिन हो जाता है। नई सरकार ने पूर्ववर्ती शासन की कमियों-जैसे कथित भ्रष्टाचार, अधूरी इमारतें, प्रदूषण नियंत्रण में विफलता को सुधारने का दावा किया है। किंतु जनता अब केवल आरोप नहीं, परिणाम देखना चाहती है। आने वाले वर्षों के लिए सरकार के सामने स्पष्ट लक्ष्य होने चाहिए-स्वच्छ वायु, स्वच्छ यमुना, सुगम यातायात, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुलभ स्वास्थ्य और पारदर्शी प्रशासन। राजधानी होने के नाते दिल्ली को केवल भारत का प्रशासनिक केंद्र नहीं, बल्कि आदर्श शहरी मॉडल बनना चाहिए। इसके लिए आवश्यक है कि बजट में आवंटित राशि का पूर्ण और पारदर्शी उपयोग हो, परियोजनाएं समयबद्ध पूरी हों और जनभागीदारी को प्रोत्साहन मिले।

ट्रिपल इंजन सरकार का वास्तविक अर्थ तभी सिद्ध होगा जब समन्वय का लाभ जमीन पर दिखाई दे। केंद्र और राज्य के बीच टकराव की राजनीति के स्थान पर सहयोग की भावना यदि कायम रहती है, तो दिल्ली विकास की नई ऊंचाइयों को छू सकती है। एक वर्ष में कुछ सकारात्मक संकेत अवश्य मिले हैं, परंतु अभी लंबी यात्रा शेष है। सरकार को अपनी उपलब्धियों का प्रचार करने के साथ-साथ कमियों का ईमानदार आत्ममंथन भी करना होगा। दिल्ली की जनता जागरूक है और अपेक्षाएं भी बड़ी हैं। वह केवल वादों से संतुष्ट नहीं होगी, उसे परिणाम चाहिए। यदि रेखा गुप्ता सरकार अपने संकल्पों को धरातल पर उतारने में सफल होती है, तो आने वाले वर्षों में दिल्ली सचमुच एक स्वच्छ, स्वस्थ, सुरक्षित और आधुनिक महानगर के रूप में उभर सकती है। यही समय है जब बजट की घोषणाओं को विकास की वास्तविक कहानी में बदला जाए और राजधानी को समस्याओं के प्रतीक से समाधान के मॉडल में परिवर्तित किया जाए।

# पश्चिम बंगाल का चुनाव बहुत अहम

//अजीत द्विवेदी//

**वैसे तो अप्रैल में पांच राज्यों में विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं लेकिन सबकी नजर पश्चिम बंगाल पर है। और ऐसा होने के कई कारण है। हालांकि ऐसा नहीं है कि तमिलनाडु का चुनाव कम महत्वपूर्ण है या केरल और असम का चुनाव ज्यादा महत्व का नहीं है। असम और केरल का चुनाव कांग्रेस पार्टी के लिए जीवन मरण का चुनाव है तो तमिलनाडु डीएमके, अन्ना डीएमके और फिल्म स्टार विजय के लिए बहुत अहम है। परंतु राष्ट्रीय स्तर पर जिस चुनाव का सबसे ज्यादा असर होगा वह पश्चिम बंगाल का है। अगर ममता बनर्जी लगातार चौथी बार चुनाव जीतती हैं तो सिर्फ बंगाल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति प्रभावित होगी और सिर्फ भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए पर ही नहीं, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की राजनीति पर भी बड़ा असर होगा।**

चुनाव की घोषणा से पहले कांग्रेस ने ऐलान कर दिया है कि वह अकेले सभी 294 सीटों पर लड़ेगी। दूसरी ओर वामपंथी पार्टियों का मोर्चा भी अकेले लड़ने की तैयारी कर रहा है। 2016 के बाद पहली बार ऐसी स्थिति बन रही है। पिछले दो चुनावों में कांग्रेस और वाम मोर्चे के बीच सीट एडजस्टमेंट की सहमति बनी थी और दोनों ने मिल कर चुनाव लड़ा था। पिछली बार यानी 2021 में तो फुरफुराशरीफ के पीरजादा अब्बास सिद्दीकी की पार्टी इंडियन सेकुलर फ्रंट यानी आईएसएफ के साथ भी सीटों का समझौता हुआ था। इस बार देखने वाली बात होगी कि आईएसएफ की कमान संभाल रहे नौशाद सिद्दीकी क्या फैसला करते हैं। उनका फैसला इसलिए अहम हो गया है क्योंकि इस बार पश्चिम बंगाल में एक मुस्लिम गठजोड़ के अलग से चुनाव लड़ने की संभावना बन रही है। तृणमूल से चुनाव जीते हुमायूं कबीर ने जनता उन्नयन पार्टी बनाई है।

वे मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद बनवा रहे हैं और मुस्लिम ध्रुवीकरण के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों एक सभा की तो उसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया एमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष इरफान सोलंकी भी शामिल हुए थे। कहा जा रहा है कि हुमायूं कबीर इस बार ओवैसी की पार्टी एमआईएम और बदरूद्दीन अजमल की पार्टी एआईयूडीफ से तालमेल करेंगे। अगर आईएसएफ इसमें शामिल हो तो चार मुस्लिम पार्टियों का एक मोर्चा बनेगा। हालांकि इस बीच यह भी खबर है कि सीपीएम के प्रदेश सचिव मोहम्मद सलीम ने भी हुमायूं कबीर से मुलाकात की है। तो क्या लेफ्ट मोर्चा इन मुस्लिम पार्टियों के साथ गठबंधन कर सकता है। जो हो अभी तक यह दिख रहा है कि भाजपा और तृणमूल कांग्रेस की आमने सामने की लड़ाई में कांग्रेस, लेफ्ट और मुस्लिम पार्टियों के मोर्चे की चुनौती है। दूर से एक बहुकोणीय मुकाबला दिख रहा है। हालांकि ऐसा होगा नहीं।

चुनाव से पहले बन रहे गठबंधनों की पृष्ठभूमि जानना इसलिए जरूरी है क्योंकि पश्चिम बंगाल में हिंदू और मुस्लिम दोनों वोटों के बंटवारे या ध्रुवीकरण से चुनावी नतीजे तय होते हैं। लगभग 30 फीसदी मुस्लिम आबादी लगभग पूरी तरह से ममता बनर्जी की पार्टी के समर्थन में वोट करती है। दूसरी ओर 70 फीसदी हिंदू आबादी का लगभग 60 फीसदी हिस्सा भाजपा का समर्थन करता है। इसका अर्थ है कि अगर 10 फीसदी और हिंदू वोट भाजपा के साथ जुड़ जाएं तो भाजपा चुनाव जीत जाएगी या अगर 20 फीसदी के करीब मुस्लिम वोट ममता बनर्जी से टूट जाए तब भी भाजपा जीत जाएगी। भाजपा का 38 से 40 फीसदी तक वोट कायम रहने की संभावना इसलिए है क्योंकि पिछले तीन चुनावों में उसे इतना ही वोट मिलता है और उसे इसे और कंसोलिडेट किया है।

पिछले चुनाव में कांग्रेस, लेफ्ट और आईएसएफ को साझा तौर पर 12 फीसदी के करीब वोट मिला था। इसमें ज्यादा बड़ा हिस्सा हिंदू वोट का था। ध्यान रहे बांग्ला बोलने वाला हिंदू समुदाय भाजपा के साथ जाने की बजाय ममता बनर्जी या लेफ्ट, कांग्रेस के साथ रहता है। लेकिन इस बार स्थिति बदलने की संभावना है। बांग्लाभाषी हिंदू पहली बार मुस्लिम आबादी को लेकर चिंता में हैं। उनको लग रहा है कि भाषा और संस्कृति की एकता बनाने के चक्कर में बांग्लाभाषी हिंदू पहले कांग्रेस फिर लेफ्ट और अब तृणमूल को वोट देते रहे हैं लेकिन इस बीच राज्य की जनसंख्या संरचना बदल गई और उनके सामने गंभीर खतरे खड़े हो गए हैं। अगर बांग्लाभाषी हिंदू इस मानसिकता में वोट करते हैं तो भाजपा के लिए अवसर बनेगा और राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू ध्रुवीकरण मजबूत होगा।

अगर चुनिंदा इलाकों में जैसे मालदा, मुर्शिदाबाद और उत्तरी दिनाजपुर के मुस्लिम बहुल इलाकों में तृणमूल कांग्रेस को छोड़ कर मुस्लिम आवाम का समर्थन मुस्लिम नेताओं की पार्टियों को मिलता है तो हैदराबाद से शुरू होकर महाराष्ट्र और बिहार तक मुस्लिम नेतृत्व के प्रति मुस्लिम आवाम के बढ़ते रूझान पर मुहर लगेगी। यह ट्रेंड स्थायी रूप से देश की राजनीति को बदलने वाला होगा। ध्यान रहे बिहार में आमने सामने के चुनाव के बावजूद ओवैसी की पार्टी के पांच विधायक जीते। महाराष्ट्र में ओवैसी की पार्टी के करीब एक सौ पार्षद जीते हैं। यह ट्रेंड दिखाता है कि मुस्लिम आवाम के मन में मौजूदा सेकुलर पार्टियों को लेकर संदेह पैदा हो गया है। वे उनकी बजाय सीधे अपना नेतृत्व खड़ा करना चाहते हैं। तभी जहां भी उनको अपना विकल्प मिलता है वे उसे प्राथमिकता देते हैं। जहां विकल्प नहीं है वहां रणनीतिक मजबूरी में कांग्रेस या किसी प्रादेशिक पार्टी का समर्थन करते हैं। अगर ममता बनर्जी की पार्टी को मुसलमानों का समर्थन कम होता है तो इस ट्रेंड की पुष्टि होगी। आगे के चुनावों में देश के दूसरे हिस्सों में भी यह ट्रेंड देखने को मिलेगा।

नेतृत्व के स्तर पर भी पश्चिम बंगाल के चुनाव नतीजे का असर देश की राजनीति पर पड़ेगा। अगर ममता बनर्जी चौथी बार जीतती हैं और लगातार दूसरी बार सीधे मुकाबले में भाजपा को हराती हैं तो इसे भाजपा के मौजूदा नेतृत्व के करिश्मे और रणनीति के क्षरण की शुरुआत के तौर पर देखा जाएगा। ध्यान रहे एनडीए के अंदर वैसे भी इस बार भाजपा की स्थिति कमजोर है। पिछले चुनाव में वह अकेले दम पर बहुमत नहीं हासिल कर पाई। नरेंद्र मोदी की सरकार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के समर्थन पर निर्भर है। पश्चिम बंगाल में हारने पर सहयोगी पार्टियों का दबाव बढ़ेगा और पार्टी के अंदर भी एक दबाव समूह उभर सकता है। संघ की ओर से दखल बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। लेकिन अगर पश्चिम बंगाल का किला भाजपा फतह कर लेती है तो फिर राष्ट्रीय राजनीति में वह अजेय हो जाएगी। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के नेतृत्व के सामने लंबे समय तक कोई चुनौती नहीं आएगी। पश्चिम बंगाल के नतीजे का विपक्षी गठबंधन पर भी बड़ा असर होगा। अगर ममता बनर्जी जीतती हैं तो फिर जैसा कि अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा से लड़ने वाली इकलौती नेता के तौर वे स्थापित होंगी। वे दिल्ली कूच करेंगी। राहुल गांधी के नेतृत्व के सामने बड़ी चुनौती खड़ी होगी। उनके पीछे हटने और ममता बनर्जी के नेतृत्व में 2029 के लोकसभा चुनाव की तैयारी करने की मांग उठेगी। यह मांग जमीन सचाइयों पर आधरित होगी। इसलिए कांग्रेस भले विरोध करे पर दूसरी पार्टियां इस पर गंभीरता से विचार करेंगी। ध्यान रहे अगले चुनाव तक विपक्षी पार्टियों का सत्ता का सूखा 15 साल का हो जाएगा। ऐसे में वे ममता बनर्जी के ऊपर दांव लगा सकती हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा ने दिल्ली के राजघाट पर महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा का औपचारिक स्वागत किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज़ इनसियो लूला डा सिल्वा नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बातचीत के दौरान।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जन्मदिन के अवसर पर कांसाबेल विकासखंड के ग्राम दोकड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर में प्रभु जगन्नाथ भगवान जी की विधिवित पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुईज़ इनसियो लूला डा सिल्वा नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में एक मीटिंग के दौरान भारत और ब्राज़ील के बीच मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग पर साइन होते हुए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी मौजूद थे।



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने 62वें जन्मदिन के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया।




मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दतिया जिले के सेवढ़ा में सिंध नदी सेतु के उदघाटन समारोह को संबोधित किया।

# दिल्ली के मॉडल टाउन में चार मंजिला घर में आग लगी, बाल-बाल बचे दर्जनभर लोग

**बाहरी दिल्ली, 22 फरवरी [एजेंसी]।**



मॉडल टाउन के गुजरांवाला क्षेत्र में चार मंजिला इमारत में आग लगने से हड़कंप मच गया। आग तीसरी मंजिल से शुरू हुई और चौथी मंजिल तक फैल गई। हादसे के समय इमारत में दर्जनभर लोग मौजूद थे, सभी समय रहते बाहर आ गए और बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के जवानों ने बहादुरी का परिचय दिया और सीढ़ियों के रास्ते 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला व एक कुत्ते का रेस्क्यू किया।आग बुझाने के लिए दमकल की 10 गाड़ियों को बुलाना पड़ा। लगभग साढ़े चार घंटे की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। शनिवार शाम गुजरांवाला क्षेत्र में पेंटामेड अस्पताल के पास चार मंजिला इमारत में आग लग गई। दमकल विभाग को आग लगने की सूचना 5.35 बजे मिली। आग की शुरुआत तीसरी मंजिल से हुई, इसके बाद आग की लपटों ने चौथी मंजिल को भी अपने आगोश में लिया। मॉडल टाउन के गुजरांवाला क्षेत्र में एक चार मंजिला इमारत में आग लग गई। तीसरी मंजिल से शुरू हुई आग चौथी मंजिल तक फैल गई। पुलिस ने बहादुरी दिखाते हुए 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला और एक कुत्ते को बचाया। दमकल की 10 गाड़ियों ने साढ़े चार घंटे में आग पर काबू पाया। इमारत में दर्जनभर लोग उपस्थित थे, ज्यादातर लोग खुद बाहर निकलने में सफल रहे, लेकिन 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला इमारत में ही फंस गईं। इसी दौरान मॉडल टाउन थाना पुलिस ने बहादुरी का परिचय दिया और हेड कांस्टेबल राज कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना बुजुर्ग महिला को बाहर निकाला। पुलिस ने एक कुत्ते का भी रेस्क्यू किया। शुरुआत में दमकल की चार गाड़ियां पहुंची, आग बढ़ती देख छह और गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। रात नौ बजकर 55 मिनट पर आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण फिलहाल सामने नहीं आया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट का अंदेशा जताया जा रहा है। रोहिणी सेक्टर-22 के महाराजा अग्रसेन कॉलेज में परिसर में मिल्क बूथ में आग लग गई। दमकल विभाग की गाड़ियों को आने से पहले ही कॉलेज में अग्निशमन यंत्रों के माध्यम से आग पर काबू पा लिया गया। आग की सूचना दमकल विभाग को 4.36 बजे मिली। कॉलेज परिसर में बूथ में आग लगी थी। बूथ के संचालक दीपक कुमार ने बताया कि वह बूथ बंद करके घर चले गए थे।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बौखलाए ट्रंप 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत किया ग्लोबल टैरिफ

**नई दिल्ली।** बीते दिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने दुनिया पर थोपे गए ट्रंप टैरिफ को रद कर दिया था। इस बात से बौखलाए ट्रंप ने अब शनिवार को ग्लोबल टैरिफ 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर ट्रंप ने लिखा, यूएस सुप्रीम कोर्ट द्वारा कई महीनों के सोच-विचार के बाद कल जारी किए गए टैरिफ पर बेतुके, खराब तरीके से लिखे गए और बहुत ज्यादा अमेरिका विरोधी फैसले की पूरी डिटेल और पूरे रिव्यू के आधार पर कृपया इस बयान का मतलब यह है कि मैं, अमेरिका के प्रेसिडेंट के तौर पर तुरंत लागू होने वाले देशों पर 10 प्रतिशत वर्ल्डवाइड टैरिफ बढ़ाऊंगा, जिनमें से कई देश दशकों से बिना किसी बदले के अमेरिका को लूट रहे हैं, इसे पूरी तरह से मंजूर और कानूनी तौर पर टेस्ट किए गए 15त्न लेवल तक बढ़ा दूंगा। उन्होंने आगे कहा, अगले कुछ महीनों में ट्रंप एडमिनिस्ट्रेशन नए और कानूनी तौर पर मंजूर टैरिफ तय करेगा और जारी करेगा, जिससे अमेरिका को फिर से महान बनाने का हमारा बहुत सफल प्रोसेस जारी रहेगा, पहले से कहीं ज्यादा महान!!! इस मामले पर ध्यान देने के लिए आपका धन्यवाद।

## जेएनयू में दलितों पर दिए गए विवादित बयान को लेकर छात्रों ने कुलगुरु का फूंका पुतला, इस्तीफे की मांग तेज



**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की कुलगुरु शांतिश्री डी. पंडित के यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन 2026 व दलित और अश्वेत लोग हमेशा पीड़ित बनकर या विक्टिम कार्ड खेलकर आगे तरक्की नहीं कर सकते वाले बयान को लेकर परिसर में विवाद गहराता जा रहा है। छात्र संगठनों और शिक्षक संघों ने बयान को लेकर तीखी आपत्ति जताते हुए कुलगुरु से इस्तीफे की मांग की है। विरोध स्वरूप छात्र संघ ने शनिवार को पुतला दहन कर प्रदर्शन भी किया, जबकि रविवार रात समता जुलूस निकालने का आह्वान किया गया है। जेएनयू छात्र संघ के महासचिव सुनील यादव ने आरोप लगाया कि एक पॉडकास्ट में कुलगुरु ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के इक्विटी रेगुलेशन को अनावश्यक बताया और एक वर्ग विशेष पर टिप्पणी की। उनके अनुसार, यह बयान अस्वीकार्य है और विश्वविद्यालय की समावेशी परंपरा के विपरीत है। वहीं जेएनयू शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरजीत मजूमदार ने टिप्पणी को चौंकाने वाला और शर्मनाक बताते हुए कहा कि इस तरह का वक्तव्य विश्वविद्यालय के मूल मूल्यों से मेल नहीं खाता और कुलगुरु को पद छोड़ देना चाहिए।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की केंद्रीय कार्यकारी समिति ने भी बयान की निंदा करते हुए कहा कि जब वंचित समुदायों के छात्र समान अवसर और गरिमा के लिए संघर्ष कर रहे हों, तब शीर्ष पद से इस प्रकार की टिप्पणी गैर-जिम्मेदाराना और असंवेदनशील है। हालांकि पूरे विवाद पर विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। छात्र संगठनों का कहना है कि जब तक स्पष्ट स्पष्टीकरण या कार्रवाई नहीं होती, विरोध जारी रहेगा। इस मुद्दे ने परिसर की अकादमिक राजनीति को एक बार फिर गरमा दिया है और आने वाले दिनों में आंदोलन तेज होने की संभावना जताई जा रही है।

### झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26

## साक्षरता में लंबी छलांग, लेकिन 39.7 प्रतिशत छात्र प्राइवेट ट्यूशन के भरोसे

**रांची, 22 फरवरी [एजेंसी]।**



झारखंड आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट-2025-26 के अनुसार, झारखंड में 39.7 प्रतिशत बच्चों को विषय की तैयारियों के लिए प्राइवेट कोचिंग का सहारा लेना पड़ता है। यह राष्ट्रीय औसत 12.7 प्रतिशत से काफी अधिक है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि झारखंड में प्राइवेट कोचिंग पर प्रति विद्यार्थी पूरे वर्ष में औसतन 2,220 रुपये खर्च करते हैं। हालांकि झारखंड में प्राइवेट कोचिंग पर होने वाला खर्च राष्ट्रीय औसत से काफी कम है। पूरे देश की बात करें तो मौजूदा शैक्षणिक सत्र के दौरान प्राइवेट कोचिंग पर प्रति छात्र अनुमानित औसत व्यय 2,409 रुपये है। रिपोर्ट में यह भी तथ्य सामने आया है कि जैसे-जैसे विद्यार्थी ऊपरी कक्षाओं में जाते हैं, उनमें प्राइवेट कोचिंग पर निर्भरता बढ़ती जाती है। यह स्थिति 10वीं तक रहती है।रिपोर्ट के अनुसार, उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात 2016-17 में 15.9 था जो वर्ष 2023-24 में 20 प्रतिशत हो गया। हालांकि राष्ट्रीय औसत 28.4 प्रतिशत के साथ 8.4 प्रतिशत का अंतर अभी भी बना हुआ है।

रिपोर्ट में शिक्षा-रोजगार गठजोड़ महिलाओं के लिए विरोधाभास की बात कही गई है। रिपोर्ट में साक्षरता दर के संबंध में कहा गया है कि झारखंड की साक्षरता दर 2023-24 में 76.70 प्रतिशत तक पहुंच गई जो राज्य के गठन के समय महज 53.56 प्रतिशत थी। हालांकि राष्ट्रीय औसत 80.9 प्रतिशत के साथ 4.2 प्रतिशत का अंतर अभी भी बना हुआ है। अच्छी बात यह है कि महिला साक्षरता में पुरुषों की तुलना में लगभग पांच गुना तेजी से सुधार हुआ है तथा लैंगिक समानता सूचकांक 0.79 से बढ़कर 0.85 हो गया है। इस अवधि में ग्रामीण-शहरी साक्षरता अंतर 15.9 प्रतिशत से घटकर 12.3 प्रतिशत हो गया है।

## बांग्ला भाषा को बचाए रखना बांग्ला भाषियों का दायित्व : मंत्री मलय घटक

**आसनसोल।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस शनिवार को आसनसोल कल्याणपुर बीसी राय रोड के समीप मनाया गया। इस अवसर पर बंगाल के श्रम व कानून मंत्री मलय घटक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मंत्री मलय घटक ने कहा मातृभाषा दिवस 21 फरवरी को मनाया जाता है। 1999 को बांग्लादेश के ढ़ाका विश्वविद्यालय में बंगला रक्षा के लिए छात्र आंदोलन कर रहे थे, उस दौरान छात्रों पर गोली चलाए जाने के कारण कई छात्रों की मृत्यु हो गई थी, उस समय से बांग्ला भाषा दिवस मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि कविगुरु रविंद्रनाथ ठाकुर ने कहा था कि भारत एक ऐसा देश है जहां विभिन्न भाषा बोली जाती है। उन्होंने कहा कि सभी भाषा की अपनी-अपनी प्राथमिकता है, जितनी अधिक भाषा का ज्ञान हो वह अच्छा है, लेकिन अपनी मातृभाषा बांग्ला को बचाए रखना बंगला भाषी का दायित्व है। मंत्री मलय घटक ने कहा कि आसनसोल में हिन्दी, उर्दू एवं बंगला भाषा में उत्सव मनाया जाता है। जिनमें मेला मैदान में आयोजित आसनसोल उत्सव में केवल बंगला भाषा में कार्यक्रम का आयोजन कर बंगला भाषा की प्रतिभाओं को अवसर प्रदान किया जाता है। उन्होंने बंगला भाषियों से आह्वान किया कि वे अंग्रेजी भाषा में बच्चों को अवश्य शिक्षा प्रदान कराएं लेकिन बांग्ला भाषा के प्रति लगाव रखने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में आसनसोल नगर निगम मेयर परिषद के सदस्य गुरदास चटर्जी, पार्षद अनिमेश दास, आसनसोल इंजीनियरिंग कालेज के शिक्षक चंद्रशेखर कुंडू, बंगला लेखिका देवजानी सिन्हा, निलोत्पल रायचौधरी, तारक आदि लोग उपस्थित थे।

## पैसे दोगुना करने का झांसा देकर 1.56 करोड़ की धोखाधड़ी शातिर ठगों ने 20 से ज्यादा लोगों को लगाया चूना




**पानीपत।** जिले में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने एक साल में पैसा दोगुना करने का झांसा देकर करीब 20 से अधिक लोगों से 1 करोड़ 56 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ितों ने अब हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को शिकायत भेजकर न्याय और अपनी जान-माल की रक्षा की गुहार लगाई है। डीजीपी के आदेशों पर केस दर्ज कर लिया गया है। समालखा के गांव नरायणा निवासी मुकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले सतपाल, सोनिया, संदीप, समुंद्र, जितेंद्र और विजय सिवाह नामक व्यक्तियों ने एक गिरोह बनाकर भोले-भाले लोगों को ठगने की योजना बनाई। इन लोगों ने प्रचार किया कि यदि कोई उनकी कंपनी में 50 हजार रूपये लगाता है, तो उसे महज एक साल में एक लाख रुपये वापस मिलेंगे। मतलौडा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।शिकायत में आरोप लगाया है कि गिरोह की सदस्य सोनिया गांवों में जाकर महिलाओं को बड़े-बड़े सपने दिखाती थी और उन्हें निवेश के लिए राजी करती थी। ठगों ने बड़ी चालाकी से बैंक ट्रांजैक्शन के बजाय पीड़ितों से नकद रुपए लिए। किसी ने 20 हजार तो किसी ने 5 लाख रुपए तक इस उम्मीद में लगा दिए कि उनका पैसा दोगुना हो जाएगा।

पीड़ितों का आरोप है कि उनके खून-पसीने की कमाई से आरोपी संदीप, सोनिया और सतपाल ने जाटल रोड स्थित रामनगर में करोड़ों रुपए की आलीशान कोठी बना ली है और अब लग्जरी गाड़ियों में घूम रहे हैं। जब पीड़ितों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो उन्हें लंबे समय तक गुमराह किया गया और अब जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। मुकेश और विजय सहित अन्य पीड़ितों ने बताया कि आरोपित विजय सिवाह ने उन्हें सरेआम गोली मारने की धमकी दी है। आरोपियों ने साफ कहा है कि कोई भी पैसा मांगने उनके पास न आए। पीड़ित परिवारों का कहना है कि वे अब भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं और आरोपी उनके पैसों पर ऐश कर रहे हैं।

## तौलिया, शीशा और अंडरगारमेंट: बीएसएनएल डायरेक्टर के प्रयागराज दौरे का शाही प्रोटोकॉल हुआ वायरल, लगी 50 अधिकारियों की फौज




**प्रयागराज, 22 फरवरी [एजेंसी]।**

बीएसएनएल के डायरेक्टर विवेक बंजल का 25 फरवरी को प्रस्तावित दौरा निरस्त हो गया है। इस बाबत डीजीएम द्वारा 19 फरवरी को प्रोटोकॉल जारी किया गया था। इसमें 50 अधिकारियों की फौज लगा दी गई थी।सभी की जिम्मेदारी तय की गई थी। इसमें साबुन, तेल से लेकर अंडरवियर तक की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। यही प्रोटोकॉल इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। इसके एक दिन बाद अचानक डायरेक्टर का दौरा निरस्त हो गया। बीएसएनएल के डायरेक्टर विवेक बंजल को 25 फरवरी को यहां आना था। इसे लेकर 19 फरवरी को प्रोटोकॉल जारी किया गया। इसमें दौरे को लेकर मिनट टू मिनट डायरेक्टर कहां जाएंगे, सब कुछ निर्धारित किया गया। इसमें किस अधिकारी को क्या जिम्मेदारी सौंपी गई, इसका भी जिक्र किया गया था। संगम स्नान के दौरान तौलिया, शीशा-कंघी, अंडर गारमेंट की भी व्यवस्था करने की जिम्मेदारी एक अधिकारी को सौंपी गई। यह प्रोटोकॉल इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। इंटरनेट पर प्रोटोकॉल प्रसारित होते ही यूजर तरह-तरह के कमेंट करने लगे। मामला विभागीय अधिकारियों के संज्ञान में पहुंचा तो खलबली मच गई। इसके बाद डायरेक्टर बंजल का दौरा निरस्त कर दिया गया।बीएसएनएल के जनसंपर्क अधिकारी आशीष गुप्ता का कहना है कि प्रोटोकॉल में किसे क्या जिम्मेदारी सौंप गई थी, उन्हें नहीं पता। डायरेक्टर का प्रस्तावित दौरा निरस्त हो गया है। ऐसे में पूर्व में जो भी प्रोटोकाल जारी हुआ था, वह स्वतःअप्रभावी हो गया है।

## गेम, चॉकलेट फिर ब्लैकमेल: मासूमों को शिकार बनाकर रामभवन ने बनाए थे 2 लाख अश्लील वीडियो, 47 देशों तक जुड़ा था नेटवर्क

**बांदा, 22 फरवरी [एजेंसी]।**



यौन शोषण के मामले में फांसी की सजा पाने वाला दोषी जेई बच्चों को अपने घर में गेम खेलने और चॉकलेट के बहाने बुलाकर लगभग एक दशक घिनौना कृत्य करता रहा है। गेम खिलाने के दौरान उनकी पोर्न वीडियो व फोटोग्राफ बनाकर उन्हें धमकाता था। ज्यादातर बच्चे गरीब व असहाय स्थिति वाले रहते रहे हैं। पीड़ित कुल 33 में करीब 60 प्रतिशत से ज्यादा बच्चे इसी तरह वाले शामिल हैं। सीबीआई की गहन जांच में इस बात का राजफाश हुआ। सिंचाई विभाग का निलंबित सजा पाने वाले जेई रामभवन जहां डार्क वेब साइट व न्यूजीलैंड की मेगा एन साइट पर बच्चों के पोर्न वीडियो बेचने के लिए भेजता रहा है। इन वेब साइटों में करीब दो लाख से ज्यादा वीडियो रामभवन ने भेजे थे। उसके तार 47 देशों से जुड़े रहे हैं।2020 में शुरू की गई सीबीआई की जांच में यह बात सामने आई थी कि जिन बच्चों को उसने शिकार बनाया है। इसमें सबसे ज्यादा बच्चे चित्रकूट जिले के शामिल हैं। हालांकि उसने बांदा व हमीरपुर के भी करीब आधा-आधा दर्जन से ज्यादा बच्चों का यौन शोषण किया था। विशेष न्यायालय पॉक्सो के शासकीय अधिवक्ता सौरभ ने बताया कि जेई के कारनामों में सबसे खास बात यह रहती रही है कि वह जहां भी नौकरी के सिलसिले में जाता था। वहां वह अपने घर में बच्चों के खेलने के लिए वीडियो गेम लगाता था। इसी वीडियो गेम को खिलाने का प्रलोभन देकर बच्चों को अपने झांसे में लेता रहा है।बाद में चंगुल में फंसे बच्चों का यौन शोषण करने का क्रम शुरू होता था। धोखे से पोर्न वीडियो बनाने के बाद वह बच्चों को दिखाकर धमकाता था कि यदि वह उनकी बात नहीं मानेंगे तो उनके स्वजन से वह शिकायत कर देगा। इससे बच्चे डर जाते थे जेई की बातों को मानना शुरू कर देते थे। जांच में एक बात यह भी सामने आई कि वह अपने घर आने वाले नौकरानी, दूध व सब्जी बेचने वालों के बच्चों को ज्यादातर निशाना बनाता था।

इसमें वह बच्चे भी शामिल हैं जिनके पिता नहीं है। गरीब मां किसी तरह बच्चों का पालन पोषण कर रही हैं। हमीरपुर में उसे नहर बनवाने का काम मिला था। वहां वह एक मेठ के घर में कई दिन रुका था। वहां भी उसने मेठ के बच्चों समेत आसपास के बच्चों को निशाना बनाया रहा है। दंपती को फांसी की सजा सुनाई जाने के बाद उनके अधिवक्ता भूरा निषाद ने शनिवार को न्यायालय से फैसले की नकल निकलवायी। अधिवक्ता का कहना है कि हाईकोर्ट में अपील करने के लिए तैयार की गई फाइल में दंपती के सीबीआई की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर व चार्ज शीट की फाइलों की नकल भी शामिल है।पूरी फाइल उन्होंने रामभवन के बड़े भाई राजा भइया को सौंप दी है। जिससे अब वह रविवार को हाईकोर्ट के लिए रवाना होंगे।

### फतेहगढ़ साहिब में भीषण हादसा

## धुंध के कारण रोड पर खड़े टिप्पर से एक के बाद एक टकराए कई वाहन, 6 लोग घायल

**फतेहगढ़ साहिब।** सरहिंद नेशनल हाईवे पर गांव तरखान माजरा के नजदीक घनी धुंध के बीच जीटी रोड मुख्य मार्ग पर सुबह करीब 7.30 बजे एक के पीछे एक वाहन टकरा गए। इसमें छह से अधिक लोग घायल हुए। उन्हें हालांकि उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।सुबह गांव तरखान माजरा के नजदीक मुख्य मार्ग पर एक टिप्पर खड़ा था। इस दौरान सरहिंद से लुधियाना की ओर जा रही एक स्कॉर्पियो गाड़ी धुंध के दौरान टिप्पर के पीछे जा टकराई। इसके तुरंत बाद कार के पीछे आ रहे एक दूसरे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। फिर एक के बाद एक तीन कारें पीछे टकराती चली गईं। इससे कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद सड़क जाम हो गई तथा यातायात ठप हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सडक़ सुरक्षा फोर्स के कर्मी मौके पर पहुंचे तथा घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड़ में करके यातायात चालू करवाया।

मौके पर पहुंचे थाना सरहिंद के एएसआई जसमेर सिंह ने बताया कि हादसा घनी धुंध के बीच हुआ था तथा पुलिस ने हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। धुंध में हादसों से बचने को लेकर डीएसपी ट्रैफिक इंद्रपीत सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि धुंध के दौरान अपने वाहन धीमी गति पर चलाएं। एक दूसरे के पीछे चल रहे वाहन उतनी दूरी जरूर रखें कि कभी भी ब्रेक लगाकर वाहन को आसानी से रोका जा सके। गाड़ियों में धुंध में दिखाई देने के लिए पीली लाइट का इस्तेमाल करें। मोबाइल फोन का तो कतई इस्तेमाल न करें। अगर हादसा हो जाए तो तुरंत अपने वाहन से निकल दूर सुरक्षित स्थान पर चले जाएं तथा दूसरे वाहन चालकों को अलर्ट करते रहें ताकि वे भी हादसे का शिकार न हो सकें।

## कटिहार में 3 आतंकियों के छिपे होने की अफवाह से मचा हड़कंप




**कटिहार, 22 फरवरी [एजेंसी]।**

आजमनगर थाना क्षेत्र के मढ़ीह गांव में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब डायल-112 पर कॉल कर सूचना दी गई कि कश्मीर से आए तीन आतंकवादी गांव में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कश्मीर से आए तीन लोगों को बरामद कर लिया। पुलिस पूछताछ में मामला पूरी तरह अलग निकला। पता चला कि तीनों बारामुला जिला (कश्मीर) के निवासी हैं। इनमें से एक व्यक्ति उस घर का दामाद है। जहां तीनों ठहरे हुए थे। बताया गया कि तीन वर्ष पहले उसकी शादी गांव की शबनम खातून से हुई थी और दंपति का 10 माह का एक बच्चा भी है।जानकारी के अनुसार युवती कुछ समय से मायके में रह रही थी और कश्मीर वापस नहीं जाना चाहती थी। जब दामाद अपने स्वजनों के साथ पत्नी और बच्चे को लेने गांव आया तो उसके साथ मारपीट कर दी गई तथा महिला और बच्चे को रिश्तेदार के घर छिपा दिया गया।

जांच में यह भी सामने आया कि युवती के स्वजन कश्मीरी दामाद से पैसों की मांग करते थे। इसी क्रम में घर के दूसरे दामाद जो सुपौल जिले का निवासी है उसने कश्मीर से आए एक व्यक्ति के सिर पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया और बाद में 112 पर कॉल कर तीन आतंकियों के छिपे होने की झूठी सूचना दे दी।फर्जी सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामला स्पष्ट होने के बाद पुलिस ने आरोपित युवक को पकड़ लिया तथा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि किसी भी पक्ष की ओर से लिखित आवेदन नहीं मिलने के कारण प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई और बाद में पकड़े युवक को छोड़ दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## केबीसी में उज्जैन के नागदा को बताया छोटा सा प्यासा गांव, अमिताभ बच्चन व सोनी टीवी CEO के खिलाफ केस



**इंदौर, 22 फरवरी [एजेंसी]।**

लोकप्रिय टीवी गेम शो कौन बनेगा करोड़पति के 23 दिसंबर 2025 को प्रसारित एपिसोड में उज्जैन जिले की नागदा तहसील को लेकर की गई टिप्पणी अब कानूनी विवाद का रूप ले चुकी है। शो के होस्ट अमिताभ बच्चन द्वारा नागदा को पानी की समस्या से जूझता छोटा सा गांव बताए जाने पर स्थानीय स्तर पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई गई है। मामले में दायर परिवाद को अदालत ने स्वीकार कर लिया है। साथ ही केस को केस इन्फॉर्मेशन सिस्टम (सीआईएस) में दर्ज करने और संबंधित थाने से प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अगली सुनवाई 9 अप्रैल को तय की गई है। परिवादकर्ता अधिवक्ता लक्ष्मण सुंदरा का कहना है कि कार्यक्रम में नागदा नगर के संबंध में भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत जानकारी दी गई, जिससे शहर की छवि धूमिल हुई है। उनका तर्क है कि नागदा को छोटा गांव और जल संकटग्रस्त बताना वास्तविक स्थिति से मेल नहीं खाता।इस प्रकरण में सोनी नेटवर्क के सीईओ गौरव बैनर्जी को भी पक्षकार बनाया गया है। परिवाद में उल्लेख किया गया है कि लोकप्रिय क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति के एक एपिसोड में एंकर अमिताभ बच्चन द्वारा नागदा को छोटा गांव और पानी संकटग्रस्त बताया गया है, जो तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है। आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि नागदा मालवा क्षेत्र का एक प्रमुख रेलवे जंक्शन है और इसकी आबादी डेढ़ लाख से अधिक है। शहर को एक विकसित औद्योगिक नगर के रूप में पहचान मिली हुई है।

यहां संचालित बड़ी औद्योगिक इकाइयां क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।परिवाद में यह भी कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तीन अलग-अलग अवसरों पर नागदा को जिला बनाने की घोषणा कर चुके हैं। इसके लिए प्रशासनिक प्रक्रिया भी प्रारंभ की गई थी, जो फिलहाल लंबित बताई जा रही है।इतिहास के संदर्भ में भी आवेद में नागदा का उल्लेख किया गया है। दावा किया गया है कि इस नगरी का जिक्र पुराणों में मिलता है और इसे महाभारतकालीन नगर के रूप में भी जाना जाता है। शहर के समीप बहने वाली चंबल नदी वर्षभर जल उपलब्ध कराती है, जिससे स्थानीय औद्योगिक इकाइयों का संचालन होता है। मामले ने स्थानीय स्तर पर चर्चा तेज कर दी है। अब सभी की नजरें 9 अप्रैल की सुनवाई पर टिकी हैं, जब अदालत आगे की कार्यवाही पर निर्णय लेगी।

## शादी का कार्ड देने पहुंचे शख्स को घर में मिली 5 लाशें, अंदर का मंजर देख कांप गई रूह

**कासगंज।** कासगंज के अमापुर में एटा रोड पर एक ही परिवार के पांच लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मृतकों में 50 वर्षीय सत्यवीर, जो पेशे से वेल्डिंग मिस्त्री थे, उनकी 46 वर्षीय पत्नी रामश्री, 14 वर्षीय पुत्री प्राची, 12 वर्षीय आकांक्षा और 10 वर्षीय पुत्र गिरीश शामिल हैं।घटना की जानकारी तब हुई जब नगर का एक व्यक्ति शादी का कार्ड देने उनके घर पहुंचा। घर का गेट अंदर से बंद था। आवाज देने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।शक होने पर शोर मचाया गया, जिसके बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़कर अंदर प्रवेश किया। भीतर सत्यवीर और रामश्री का शव फंदे से लटका था, जबकि बच्चों के शव जमीन पर पड़े थे। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। मौके पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। फोरेंसिक टीम और डाग स्क्वायड को जांच के लिए बुलाया गया है। हमें 5 लोगों की मृत्यु की सूचना मिली है, जिनमें एक पुरुष, उनकी पत्नी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। घटनास्थल को देखकर यह आत्महत्या का मामला प्रतीत होता है क्योंकि दरवाजा अंदर से बंद था और जबरन प्रवेश का कोई निशान नहीं मिला।

# अपनी डाइट में इन तरीकों से शामिल करें मल्टीग्रेन, स्वास्थ्य के लिए हैं फायदेमंद

**मल्टीग्रेन पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इन्हें अपनी डाइट में शामिल करने से कई स्वास्थ्य लाभ मिल सकते हैं। ये न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि पाचन को सुधारने, वजन नियंत्रित करने और ऊर्जा बढ़ाने में भी मदद कर सकते हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे मल्टीग्रेन के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन रोजाना करने से आपको कई बीमारियों से सुरक्षित रखने में मदद मिल सकती है।**



### बाजरा

बाजरा एक ऐसा अनाज है, जो बिना ग्लूटेन के होता है और इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है और वजन नियंत्रित करने में भी सहायक है। बाजरे का सेवन करने से शरीर को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स भी मिलते हैं। आप इसे सलाद में डाल सकते हैं या फिर इसे दलिया के रूप में भी ले सकते हैं।

### ज्वार

ज्वार भी बिना ग्लूटेन के होता है और इसमें फाइबर की मात्रा अधिक होती है। यह प्रोटीन का अच्छा स्रोत भी है, जो मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है। ज्वार का सेवन करने से दिल की बीमारी का खतरा कम हो सकता है और रक्तचाप को नियंत्रित करने में भी मदद मिल सकती है। आप इसे दालों के साथ या फिर खिचड़ी के रूप में भी बना सकते हैं।

### रागी

रागी एक ऐसा मल्टीग्रेन है, जो कैल्शियम और आयरन से भरपूर होता है। यह हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकता है और खून की कमी से बचाए रखने में भी सहायक है। रागी का सेवन करने से वजन नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है और त्वचा को भी पोषण मिल सकता है। आप इसे खीर या फिर इडली के रूप में खा सकते हैं।

### ओट्स

ओट्स में एक खास प्रकार का फाइबर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा ये मधुमेह के जोखिम को कम करने में भी सहायक हैं। ओट्स का सेवन करने से पाचन क्रिया भी स्वस्थ रहती है। आप इसे दलिया के रूप में खा सकते हैं या फिर इसे कुकीज और ब्रेड के रूप में भी बना सकते हैं।

### क्विनोआ

क्विनोआ एक ऐसा अनाज है, जिसमें सभी प्रकार के जरूरी अमीनो एसिड पाए जाते हैं। यह प्रोटीन का अच्छा स्रोत होने के साथ-साथ फाइबर से भरपूर होता है। क्विनोआ का सेवन करने से पाचन क्रिया स्वस्थ रहती है और वजन नियंत्रित करने में मदद मिलती है। क्विनोआ को आप पुलाव या फिर सलाद के रूप में खा सकते हैं। इसके अलावा आप इसे अपने किसी भी व्यंजन के साथ जोड़ सकते हैं।



## मैंने मेहनत, पैशन और प्यार के साथ निभाया दिल धोखा और डिजायर में अपना किरदार : आकांक्षा चमोला

एक्ट्रेस और बिग बॉस 19 के विजेता गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला ओटीटी डेब्यू कर चुकी हैं। स्ट्रिमिंग प्लेटफॉर्म शेमारू मी की वेब सीरीज दिल धोखा और डिजायर में वह खास अंदाज में नजर आईं, जिसे लेकर वह बेहद उत्साहित हैं। आकांक्षा ने बताया कि वह सही समय का इंतजार कर रही थीं। दिल धोखा और डिजायर से डिजिटल डेब्यू कर रहीं आकांक्षा ने इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साह जताया है और कहा है कि वह अपने काम के चुनाव को लेकर बहुत सतर्क रहती हैं। आकांक्षा ने बताया, अपनी जर्नी के इस मोड़ पर ओटीटी स्पेस में कदम रखना बहुत खास लग रहा है। मैंने इस वेब सीरीज में बहुत मेहनत, पैशन और प्यार डाला है। उम्मीद है कि दर्शक मालिनी और उनकी जर्नी को उतनी ही प्यार से अपनाएंगे। सीरीज में आकांक्षा मालिनी का किरदार निभा रही हैं, जो कहानी का केंद्र है। मालिनी मजबूत होने के साथ कमजोर भी है, हिम्मत वाली है लेकिन उलझनों में भी फंसी है। आकांक्षा कहती हैं, यह रोल मुझे इमोशनली चैलेंज करता है। मालिनी रियल और कई कमियों वाली है।

उन्होंने आगे कहा, मैं सही स्क्रिप्ट और सही रोल का इंतजार कर रही थी और अब लगता है कि इंतजार सही था। मैं अपने काम को लेकर बहुत जागरूक हूं। इस कैरेक्टर ने मुझे क्रिएटिवली उत्साहित किया क्योंकि इसमें अलग-अलग शेड्स हैं। मेरा किरदार प्यार करने वाली, गुस्सैल, कमजोर, कभी-कभी मैनिपुलेटिव भी है। मालिनी आपको पसंद आएगी। दिल धोखा और डिजायर एक दिलचस्प कहानी है, जहां प्यार जुनून में बदल जाता है और महत्वाकांक्षाओं की सभी सीमाओं को तोड़ देती है। यह प्यार, धोखा, आकर्षण, नियंत्रण और बदले के जटिल रिश्तों पर आधारित है। मालिनी का सफर कहानी में इमोशनल गहराई और नयापन जोड़ता है। सीरीज में आकांक्षा के साथ कुंवर अमर और अली हसन मुख्य भूमिकाओं में हैं। आकांक्षा ने हाल ही में छोटे पर्दे पर टीवी शो कैसे मुझे तुम मिल गए से वापसी की है।

## ब्रेकफास्ट के लिए बेहतरीन विकल्प है ब्रोकली चीला, जानिए इसकी रेसिपी



ब्रोकली एक ऐसी सब्जी है, जो अपने पोषक तत्वों के लिए जानी जाती है। आमतौर पर लोग इसे सूप या सब्जी के रूप में खाते हैं। क्या आप जानते हैं कि ब्रोकली से चीला भी बनाया जा सकता है? जी हां, ब्रोकली का चीला एक स्वादिष्ट और सेहतमंद विकल्प है, जो आपके सुबह के नाश्ते को खास बना सकता है। आइए इसकी रेसिपी जानते हैं।

ब्रोकली चीला बनाने के लिए जरूरी चीजें

ब्रोकली चीला बनाने के लिए आपको कुछ मुख्य चीजें चाहिए होंगी, जैसे कि ब्रोकली (फूलों में कटी हुई), बेसन, दही, हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), अदरक का पेस्ट, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, जीरा, धनिया पत्तियां और तेल। आप चाहें तो इसमें और भी सब्जियां डाल सकते हैं, जैसे गाजर, शिमला मिर्च, प्याज आदि। इन चीजों को मिलाकर आप एक पौष्टिक और स्वादिष्ट नाश्ता तैयार कर सकते हैं।

ब्रोकली को कैसे तैयार करें?-सबसे पहले ब्रोकली को छोटे-छोटे फूलों में काट लें। अगर आपके पास पहले से ही कटी हुई ब्रोकली हो तो उसे इस्तेमाल करें। इसके बाद ब्रोकली के फूलों को मिक्सी में पीस लें ताकि वे बारीक पेस्ट बन जाएं। ध्यान रखें कि पेस्ट इतना पतला न हो कि पानी निकलने लगे, बस इसे हल्का सा दरदरा रखें। इससे चीला का टेक्सचर अच्छा आएगा और इसका स्वाद भी बढ़ जाएगा।

घोल तैयार करें-ब्रोकली पेस्ट के साथ-साथ आपको एक घोल भी तैयार करना होगा। इसके लिए एक बड़े बर्तन में बेसन, दही, नमक, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और जीरा डालकर अच्छे से मिलाएं। इस मिश्रण में पीसी हुई ब्रोकली डालें और पानी की मदद से इसे घोल बनाएं। घोल इतना गाढ़ा होना चाहिए कि जब चम्मच उठाएं तो मिश्रण चम्मच पर चिपके। इसके बाद इस घोल को कुछ मिनट के लिए ढककर रख दें ताकि सभी मसाले अच्छे से मिल जाएं।

चीला कैसे सेंके?

अब गैस पर तवा गर्म करें और उस पर थोड़ा तेल फैलाएं, फिर एक करछी भर घोल लेकर तवे पर फैलाएं। इसे दोनों तरफ से सुनहरा होने तक सेंकें। इसी प्रकार सारे चीले तैयार कर लें। आप चाहें तो इन्हें तेल की बजाय घी में भी सेंक सकते हैं, जिससे इनका स्वाद और भी बढ़ जाएगा। अब तैयार चिल्लों को गर्मागर्म परोसें और इसका आनंद लें।

## शिवांगी ने पर्दे पर निभाया विधवा का चुनौतीपूर्ण किरदार, बोलीं- सादगी में भी सुंदरता

टीवी से लेकर फिल्मों तक अपनी अलग पहचान बना चुकी अभिनेत्री शिवांगी वर्मा वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने  के साथ खास बातचीत में सीरीज में अपने किरदार को लेकर बातें कीं। अभिनेत्री ने कहा, यह सीरीज बहुत पॉपुलर है। मैं हमेशा से ही इसकी फैन रही हूं और मुझे सीजन 3 में काम करने का मौका मिला।

इसके लिए मैं मेकर्स की बहुत आभारी हूं कि उन्होंने मुझे चुना और काबिल समझा। अभिनेत्री के एपिसोड का नाम मिडनाइट ब्राइड है। इसमें शिवांगी ने एक विधवा का किरदार निभाया है। उन्होंने बताया कि यह रोल उनके असली व्यक्तित्व से बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा, असल जिंदगी में मैं काफी मॉडर्न और फैशनेबल हूं, लेकिन मेरा किरदार एक विधवा का है। समाज में विधवाओं को मेकअप न करने, रंग-बिरंगे कपड़े न पहनने और साधारण रहने की उम्मीद की जाती है। इस रोल को निभाते हुए मुझे पता चला कि सादगी में भी सुंदरता होती है और मैंने सोचा था कि अगर मेकर्स ने मुझे चुना है, तो इसमें अपना बेस्ट दूंगी। हालांकि, शूटिंग खत्म होने के बाद मुझे हर तरफ से खूब सराहना मिली थी। शिवांगी अपने काम को लेकर काफी गंभीर रहती हैं। वे हमेशा अच्छी स्टोरीलाइन पर ध्यान देती हैं। उन्होंने बताया कि अगर कहानी इमोशनल है, तो वे और सारी चीजें भूल जाती हैं। उन्होंने कहा, अगर स्टोरी अच्छी है और एक्टर के तौर पर मुझे मौका मिल रहा है, तो मैं पूरा जोर लगाकर अच्छा परफॉर्म करती हूं। मैं महिला केंद्रित किरदारों को करने के लिए हमेशा तैयार हूं, क्योंकि ऐसे किरदारों में महिलाओं के अलग-अलग रूप दिखते हैं और काम करने में बहुत मजा आता है। उन्होंने बताया, मुझे रोमांटिक थ्रिलर करने की बहुत इच्छा है। अगर कोई अच्छी रोमांटिक थ्रिलर स्टोरी आए या फिर कोई बायोपिक, तो जरूर करना चाहूंगी।



## सू- दोकू क्र.322

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.321का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |

## शब्द सामर्थ्य -322


( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नी | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## फोर्थ फ्लोर 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी



निर्माता निर्देशक एल.आर. सुंदरपंडी की बहुप्रतीक्षित मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म, फोर्थ फ्लोर, जिसमें अभिनेता अरी अर्जुनन मुख्य भूमिका में हैं, ने अब घोषणा की है कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने यू/ए प्रमाणपत्र के साथ रिलीज करने की मंजूरी दे दी है और अब यह फिल्म इस साल 27 फरवरी को दुनिया भर में स्क्रीन पर रिलीज होगी। घोषणा करने के लिए अरी अर्जुनन ने अपनी एक्स टाइमलाइन का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, फोर्थ फ्लोर सेंसर्ड - यू/ए सर्टिफिकेट। 27 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज। मनो क्रिएशन्स के तहत ए राजा द्वारा प्रोड्यूस और एल.आर. सुंदरपांडी द्वारा डायरेक्ट की गई यह फिल्म, एक अनोखी थ्रिलर है, जिसकी कहानी एक असाधारण माहौल में सेट है।

## जिला जेल में संदिग्ध परिस्थितियों में विचाराधीन कैदी की मौत

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज स्थित रामानुजगंज जिला जेल में हत्या के आरोप में बंद 42 वर्षीय विचाराधीन कैदी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान विष्णु कुमरिया (पिता रामदेव, उम्र 42 वर्ष) के रूप में हुई है। वह पस्ता थाना क्षेत्र के ग्राम सीतारामपुर पाट में 15 नवंबर 2023 को हुए हत्या प्रकरण में आरोपी था।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की शाम विष्णु कुमरिया ने पेट दर्द और दस्त की शिकायत की थी। इसके बाद उसे इलाज के लिए 100 बिस्तर अस्पताल रामानुजगंज में भर्ती कराया गया। शाम 6:00 बजे से रात 9:00 बजे तक उपचार के बाद उसे पुनः जिला जेल लाया गया।शनिवार सुबह लगभग 9:45 बजे उसकी तबीयत फिर से बिगड़ने की सूचना जेल प्रशासन को मिली। इसके बाद उसे तत्काल पुनः 100 बिस्तर अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह 10:30 बजे चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की अधीक्षक डॉ. शरद चंद्र गुप्ता ने बताया कि चिकित्सकीय परीक्षण के बाद 10:30 बजे मौत की पुष्टि की गई।जिला जेल के जेलर वाल्मीकि ध्रुव ने बताया कि शनिवार को भी कैदी को पेट दर्द और दस्त की शिकायत थी, जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सुबह तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही तत्काल अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मृतक के परिजनों एवं उच्च अधिकारियों को दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक परिजन अस्पताल नहीं पहुंचे थे और न ही पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी हो सकी थी। मामले में मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी।

# आवास योजना का बुरा हाल

## कई साल से अधूरा पड़ा पीएम आवास, कागजों में हुआ पूर्णःजिम्मेदारों पर उठे सवाल

**कोरिया/बैकुंठपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (PMAY-G) भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 2016 को लागू की गई थी। इससे पहले यह योजना इंदिरा आवास योजना (IAY) के नाम से संचालित होती थी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेघर एवं कच्चे मकानों में रहने वाले परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना है। वर्ष 2024 तक 'सभी के लिए आवास' का लक्ष्य रखा गया था, जिसे अब बढ़ाकर 2028-29 तक कर दिया गया है। यह योजना ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधीन संचालित होती है।




लेकिन कोरिया जिले के सोनहत विकासखंड में इस महत्वाकांक्षी योजना की जमीनी हकीकत कुछ और ही तस्वीर पेश कर रही है। सोनहत जनपद क्षेत्र की कई ग्राम पंचायतों में ऐसे अनेक हितग्राही हैं, जिनके आवास पिछले कई वर्षों से अधूरे पड़े हुए हैं, जबकि सरकारी रिकॉर्ड और पोर्टल में उन्हें पूर्ण दर्शाया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2016-17 में बड़ी संख्या में हितग्राहियों के नाम स्वीकृत किए गए थे। शासन द्वारा चरणबद्ध तरीके से किस्तों के माध्यम से राशि जारी की गई, ताकि निर्धारित समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण हो सके। लेकिन कई स्थानों पर पहली या दूसरी किस्त मिलने के बाद भी मकान निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया। कहीं केवल नींव तैयार की गई है, तो कहीं दीवारें खड़ी कर छत डालना बाकी है। इसके बावजूद संबंधित पोर्टल पर आवास पूर्ण दिखा दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत स्तर पर निर्माण कार्य की समुचित मॉनिटरिंग नहीं की गई। कुछ मामलों में बिना स्थल निरीक्षण के ही पूर्णता प्रमाणित कर रिपोर्ट भेज दी गई। परिणामस्वरूप वास्तविक हितग्राही आज भी कच्चे या जर्जर मकानों में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि कई हितग्राहियों को अंतिम किस्त का इंतजार है, लेकिन रिकॉर्ड में मकान पूर्ण दर्ज होने के कारण आगे की राशि स्वीकृत नहीं हो पा रही है। इससे न केवल योजना का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि गरीब परिवारों को भारी आर्थिक एवं मानसिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही, अनियमितता या मिलीभगत सामने आती है, तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मुद्दे को कितनी गंभीरता से लेता है और वर्षों से अधूरे पड़े आवासों को धरातल पर पूर्ण कराने के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाते हैं।



## चावल तिहार में गूंजा जनविश्वास राशन दुकान का सख्त निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** वार्ड क्रमांक 15 स्थित शासकीय राशन दुकान में राज्य शासन की पहल 'चावल तिहार' के तहत जनसंपर्क और निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 22 और 15 के नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही जहां लोगों ने खुलकर अपनी समस्याएं जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखीं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने हितग्राहियों से सीधे संवाद कर राशन वितरण व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानी साथ ही राशन दुकान की बिक्री पंजी, स्टॉक रजिस्टर और वितरण प्रणाली का सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य पात्र परिवारों को समय पर सही मात्रा में और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न उपलब्ध कराना रहा। दुकान संचालक को शासन के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की सख्त हिदायत दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने नियमित वितरण, तौल की शुद्धता और निर्धारित समय पर दुकान संचालन को लेकर अपनी अपेक्षाएं व्यक्त कीं। जनप्रतिनिधियों ने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जायेगा और जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से पहुंचाया जायेगा। इस मौके पर वार्ड क्रमांक 22 के पार्षद स्वप्निल सिन्हा और वार्ड क्रमांक 15 की पार्षद किरण कुजूर विशेष रूप से मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि चावल तिहार केवल वितरण कार्यक्रम नहीं बल्कि जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है जिसकी लगातार निगरानी की जायेगी।

## भाजपा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जन्मदिन सेवा-सुशासन-संकल्प दिवस के रूप में मनाया

### जन्मदिन पर जिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरण किया



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बैकुण्ठपुर द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिला चिकित्सालय एवं वृद्धा आश्रम में फल वितरण किया। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कहा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री साय के विजन 'सुशासन' को जन-जन तक पहुँचाना और अंतिम व्यक्ति की सेवा करना है। मुख्यमंत्री श्री साय के 62वें जन्मदिवस पर पार्टी कार्यकर्ता गरीब कल्याण और छत्तीसगढ़ की प्रगति के लिए स्वयं को समर्पित किया हैं। जिला महामंत्री पंकज गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ तेजी से विकसित राज्य बनने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। किसान, महिला व युवा सहित हर वर्ग को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने कहा कि, भाजपा सरकार एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश विकास की ओर तेजी से बढ़ रहा है, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। जिला मंत्री शारदा गुप्ता ने कहा कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए का आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है, साथ ही महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला मंत्री शारदा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, महिला मोर्चा जिला मंत्री आंचल सिंह, मंडल महामंत्री रमन गुप्ता, रवि त्रिपाठी, अल्प संख्यक मोर्चा अरशद खान, स्वामीनाथ पटेल,संतोष राजवाड़े, हरिओम साहू,अभिनेन्द्र चंदेल, विकास दुबे सहित पार्टी कार्यकर्तागण उपस्थित रहें। छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के जन्मदिवस पर महिला मोर्चा द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरुकता के उद्देश्य से जीवनदायी पीपल एवं नीम के पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई। इस अवसर पर महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष रीता यादव, मंडल अध्यक्ष दीपा विश्वकर्मा, प्रदेश सोशल मीडिया सह प्रभारी रेनु सिंह, जिला उपाध्यक्ष संगीता गुप्ता, महामंत्री पुष्पा राजवाड़े, ममता कुशवाहा, जिला मंत्री आंचल सिंह परमार, मंडल अध्यक्ष कुसुम जायसवाल, पार्वती रजक, तोता रानी, सुनिता पैकरा, आशा काशी, संजू साहू, कमल यादव, पुष्पा पाल सहित महिला मोर्चा की कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## लायंस क्लब प्राइड ने किया नई लेदरी में कैंसर जागरूकता अभियान

**मनेन्द्रगढ़।** सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभा रही द्वारा शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला नई लेदरी में बच्चों के कैंसर विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, बचाव के उपायों एवं समय पर जांच की महत्ता से अवगत कराना था। कार्यक्रम में क्लब की पदाधिकारियों ने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि यदि शरीर में कोई भी असामान्य परिवर्तन, लगातार कमजोरी, बिना कारण बुखार, गांठ या अन्य लक्षण दिखाई दें तो उसे नजरअंदाज न करें और तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान और उचित उपचार से बच्चों में कैंसर के अधिकांश मामलों का सफल इलाज संभव है।इस दौरान छात्राओं को जागरूकता संबंधी पत्रक वितरित किए गए।

## जनगणना 2027 हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**कोरिया बैकुंठपुर।** जनगणना 2027 के सफल एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के उद्देश्य से कोरिया जिले में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टरेट सभाकक्ष में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन 20 एवं 21 फरवरी को कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी की अध्यक्षता में किया गया।




प्रशिक्षण में प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी, जिला जनगणना अधिकारी, सहायक जिला जनगणना अधिकारी, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी, 07 चार्ज अधिकारी (ग्रामीण एवं नगरीय—04 तहसीलदार एवं 03 मुख्य नगर पालिका अधिकारी) तथा सभी जनगणना/चार्ज अधिकारियों के डीलिंग स्टाफ शामिल हुए। राज्य स्तर से आए मास्टर ट्रेनरों— दीपक गोदे (जॉइंट डायरेक्टर), बैद्यनाथ कुमार एवं अतुल बसोड़—ने प्रशिक्षण प्रदान किया। जिले के नोडल अधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वर्ष 2027 की जनगणना भारत की पहली पूर्णतः डिजिटल जनगणना होगी। इसे दो चरणों में संपन्न किया जाएगा। प्रथम चरण (हाउस लिस्टिंग): 1 मई से 30 मई 2026 तक। द्वितीय चरण (जनगणना कार्य): फरवरी-मार्च 2027 में घर-घर जाकर गणना की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को डिजिटल डेटा संकलन, मोबाइल एप्लिकेशन के उपयोग, डेटा सुरक्षा, मॉनिटरिंग एवं समन्वय प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

उद्देश्य है कि जनगणना कार्य पारदर्शी, सटीक और समयबद्ध रूप से संपन्न हो। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री डी.डी. मंडावी सहित निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनगणना कार्य की तैयारी के तहत जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय चार्जों में ग्राम/हैमलेट/ मजरा/मोहल्ला/टोला तथा कॉलोनी/पारा/गंदी बस्ती क्षेत्रों की संख्या का निर्धारण कर लिया गया है। साथ ही प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों (रिजर्व सहित) की नियुक्ति हेतु सूची भी तैयार कर ली गई है। चार्जवार विवरण इस प्रकार है! बैकुन्ठपुर (ग्रामीण): 91 ग्राम/क्षेत्र, 149 प्रगणक, 26 पर्यवेक्षक। पटना (ग्रामीण): 47 ग्राम/क्षेत्र, 149 प्रगणक, 26 पर्यवेक्षक। सोनहत (ग्रामीण): 105 ग्राम/क्षेत्र, 97 प्रगणक, 17 पर्यवेक्षक पोड़ी (बचरा) (ग्रामीण): 36 ग्राम/क्षेत्र, 93 प्रगणक, 16 पर्यवेक्षक। नगरपालिका बैकुन्ठपुर (नगरीय): 01 क्षेत्र, 35 प्रगणक, 07 पर्यवेक्षक। नगरपालिका शिवपुर- चरचा (नगरीय): 01 क्षेत्र, 38 प्रगणक, 07 पर्यवेक्षक नगर पंचायत पटना (नगरीय): 01 क्षेत्र, 17 प्रगणक, 04 पर्यवेक्षक जिले में कुल 578 प्रगणक एवं 103 पर्यवेक्षक (रिजर्व सहित) नियुक्त किए गए हैं, जो जनगणना कार्य को प्रभावी रूप से संपादित करेंगे।

## वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न


### नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में रंगारंग कार्यक्रमों की धूम

**मनेन्द्रगढ़।** नवीन शासकीय कन्या महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ जिला एमसीबी छत्तीसगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2025-26 का वार्षिक उत्सव और पुरस्कार वितरण समारोह उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, भारत माता और छत्तीसगढ़ी महतारी के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद अतिथियों का गुलदस्ता और बैच लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य डॉ. रामकिंकर पांडेय ने स्वागत उद्बोधन देते हुए महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों, शैक्षणिक उपलब्धियों और विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सामूहिक संगीत, लोक एवं फिल्मी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और छात्राओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती नीलू जायसवाल ने की। मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिमा यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में छात्राओं को नवाचार, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. श्रावणी चक्रवर्ती प्राचार्या, शासकीय विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, सरजू यादव और विनीत जायसवाल उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं के उज्ज्वल



भविष्य एवं सर्वांगीण विकास के लिये शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वर्ष भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र और पेन प्रदान कर सम्मानित किया गया। भाषण प्रतियोगिता (बीएससी प्रथम सेमेस्टर) - प्रथम- शिखा बर्मन, द्वितीय- अदिति पूर्ति प्रश्न मंच प्रतियोगिता - प्रथम- आकांक्षा अग्रवाल (बीएससी तृतीय वर्ष), द्वितीय- सुहाना साहू, तृतीय- शिखा बर्मन, ग्रुप डिस्कशन - प्रथम- सुहाना साहू, कंचन तिवारी, काजल भाषण प्रतियोगिता (वरिष्ठ वर्ग) - प्रथम- उषा सिंह, द्वितीय- इंद्रावती, तृतीय- अदिति पोर्ते, कविता पाठ प्रतियोगिता - प्रथम- हेमवती, द्वितीय- फरहीन बानो, तृतीय- तमन्ना परवीन, निबंध प्रतियोगिता - प्रथम- गति, द्वितीय- आकांक्षा अग्रवाल, तृतीय- अदिति पोर्ते, कार्यक्रम में नगर पालिका पार्षद श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा, श्रीमती सुशीला सिंह, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं जनभागीदारी सदस्य प्रतिमा पटवा, वरिष्ठ साहित्यकार सतीश उपाध्याय, श्रीमती भावना गुप्ता, आलोक जायसवाल, गोविंद वर्मा, श्रीमती नीतू मनहरे, श्रीमती सुधा सोनी, मयंक जैन, कृष्ण कुमार जायसवाल, मृत्युंजय सोनी सहित बड़ी संख्या में अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में डॉ. वर्षा तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकगण, अतिथि व्याख्याता एवं कर्मचारियों के सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर महाविद्यालय परिवार के सामूहिक प्रयासों की सर्वत्र सराहना की गई।

## ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और गांव के एक-एक व्यक्ति से जुड़ने का संकल्प



**मनेन्द्रगढ़।** कांग्रेस के संगठन सुदृढ़ीकरण अभियान के तहत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मनेन्द्रगढ़ शहर द्वारा ग्राम पंचायत छिपछिपी, भौता और नारायणपुर में कार्यकारिणी गठन करने के लिये बैठकें आयोजित की गईं। बैठकों में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने, बूथ स्तर तक विस्तार करने तथा गांव के एक-एक व्यक्ति से जुड़कर कांग्रेस की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठकों को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरव मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन को हर गांव और हर बूथ तक मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता है। हम गांव में रहने वाले अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। मिश्रा ने आगे कहा कि वर्तमान में प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी सरकार की स्थिति बेहद खराब है। जनता में भारी असंतोष है और सरकार जनहित के मुद्दों पर विफल साबित हुई है। आने वाले विधानसभा चुनाव में क्षेत्र से कांग्रेस का विधायक निर्वाचित होगा तथा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये हम सबको सक्रिय भूमिका निभानी होगी और अपनी सहभागिता दर्ज करानी होगी। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमीर सिंह श्याम ने कहा कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरव मिश्रा द्वारा गांव-गांव पहुंचकर कार्यकारिणी गठन करना एक सराहनीय पहल है जिससे कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ा है और संगठन को नई मजबूती मिली है। झगराखाण्ड मंडलम अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि ब्लॉक नेतृत्व का गांवों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से सीधा संवाद करना लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत करता है। संगठन निर्माण में स्थानीय सहभागिता से कांग्रेस का आधार और सशक्त होगा। बैठकों में ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमीर सिंह श्याम, झगराखाण्ड मंडलम अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव, सरपंच पति अजमेर सिंह, पूर्व जनपद सदस्य बाबूराज सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी नाहर सिंह, ललन साय, गिरवर सिंह, धर्मपाल सिंह, गोपाल सिंह, नंद कुमार, तिलक राज, महिपाल सिंह, रूप नारायण, हरि प्रसाद, कुंवर सिंह, दीपक सिंह, जयपाल सिंह, अजीत सिंह, बहादुर सिंह, नरेंद्र सिंह, समारू सिंह, राम गोपाल यादव, मोती सिंह, दीपक सिंह, आनंद कुमार, जगदीश प्रसाद सिंह, दूधनाथ यादव, राजेश टोप्पो, पारस यादव, विनोद सिंह टेकाम, गुलबशिया, शिवराज सिंह, राम प्रताप, केवल सिंह, सुखराम, पारस यादव, धन फेट सिंह, पवन सिंह, भजन राम टोप्पो, सिता राम, केवल सिंह, चंदन सिंह, जयनाथ सिंह, माहिर सिंह, राम कली, सुनीता, राम कृपाल, शिव रतन, गोपाल सिंह, मनोज कुमार, गणेश प्रसाद, राम गोपाल यादव, मोती सिंह, अर्जुन सिंह, राम प्रताप दीवान, ज्ञानु कुजूर, चंद्रशिला, दलवीर पनिका, श्याम बिहारी, सुखल चाय, ओम प्रकाश, तेजा सिंह, अर्जुन सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## जनभागीदारी से जल क्रांति की ओर बढ़ता कोरिया

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संचालित 'मोर गांव मोर पानी अभियान' की प्रेरणा से कोरिया जिला में जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू कर दी गई है। कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलेभर में 'आवा पानी झोंकी अभियान' के तहत व्यापक जल संरक्षण कार्य किए जाएंगे।

## जलाशयों, खनन भूमि और बंजर भूमि से 77.5 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को अनलॉक कर सकता है

**कोरिया बैकुंठपुर।** आईफॉरेस्ट के नवीनतम आकलन के अनुसार छत्तीसगढ़ की नवीकरणीय ऊर्जाक्षमता 77.5 गीगावाट है—जो MNRE के 18.5 गीगावाट के अनुमान से चार गुना से अधिक है।

राज्य में उपलब्ध बड़े और छोटे जलाशयों के उपयोग से आने वाले वर्षों में कुल नवीकरणीय ऊर्जाक्षमता का 50% से अधिक साकार किया जा सकता है। आने वाले वर्षों में खनन भूमि के पुनःउपयोग से भी अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध है, विशेषकर जब 9,800 हेक्टेयर से अधिक भूमि बंद हो चुकी ओपनकास्ट खदानों तथा आगामी 10 वर्षों में अपनी आयु पूर्ण करने वाली खदानों के साथ उपलब्ध है। कओडिशा, झारखंड और असम जैसी सशक्त नीतियाँ निवेश आकर्षित करने, कोयले पर निर्भरता कम करने और औद्योगिक डी कार्बोनाइजेशन को गति देने में सहायक हो सकती हैं। इंटरनेशनल फोरम फॉर एनवायरनमेंट, सस्टेनेबिलिटी एंड टेक्नोलॉजी (iFOREST) ने आज सरोवर पोर्टिको, रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी एक्सेलरेशन डायलॉग के दौरान अपना व्यापक आकलन जारी किया, जिसमें राज्य की मौजूदा भूमि और ऊर्जा परिसंपत्तियों का उपयोग कर नवीकरणीय ऊर्जाविस्तार की विशाल संभावनाओं को रेखांकित किया गया। इस संवाद का नेतृत्व डॉ. सृष्टा बनर्जी, निदेशक, iFOREST ने किया। इसमें राज्य सरकार के अधिकारियों, छत्तीसगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (CREDA), यूटिलिटी कंपनियों, नवीकरणीय ऊर्जाडेवलपर्स, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (SECL) के अधिकारियों



और क्षेत्र विशेषज्ञों ने भाग लिया। 'छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय ऊर्जाकी बहुत अधिक संभावनाएँ हैं। हालांकि, राज्य का एक बड़ा हिस्सा उच्च जनजातीय आबादी के कारण पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है, जिससे बड़े पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जापरियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण और परिवर्तन एक चुनौतीपूर्ण विषय है। इसलिए, छत्तीसगढ़ को फ्लोटिंग सोलर जैसी भूमि-तटस्थ तकनीकों का उपयोग करना चाहिए, खनन भूमि का पुनःउपयोग करना चाहिए और बंजर भूमि का पुनर्विकास कर जिम्मेदार नवीकरणीय ऊर्जाविकास को बढ़ावा देना चाहिए,' डॉ. सृष्टा बनर्जी, निदेशक,iFOREST ने संवाद का उद्घाटन करते हुए कहा। 'छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कॉरपोरेशन लिमिटेड ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और चौबीसों घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बैटरी स्टोरेज और पंप स्टोरेज परियोजनाओं को लागू करने हेतु नीतियों पर कार्य कर रहा है,' संवाद के दौरान श्री सी.एल. नेताम, कार्यकारी निदेशक, CSPGCL ने कहा। iFOREST के आकलन के अनुसार छत्तीसगढ़ की कुल नवीकरणीय ऊर्जाक्षमता 77.5 गीगावाट है, जिसमें 41 गीगावाट से अधिक ग्राउंड-माउंटेड सोलर और 39 गीगावाट फ्लोटिंग सोलर शामिल हैं। राज्य में 34,000 से अधिक जलाशय हैं, जिनमें फ्लोटिंग सोलर की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। यह अवसर स्थायी (iFOREST) और अस्थायी (non-perennial) दोनों प्रकार के जलाशयों में उपलब्ध है। iFOREST के आकलन के अनुसार, लगभग 46% जलाशय स्थायी हैं, जो वर्षभर स्थिर जल स्तर प्रदान करते हैं और सालभर फ्लोटिंग सोलर परियोजनाओं के लिए उपयुक्त हैं। ग्राउंड-माउंटेड सोलर की स्थापना के लिए बंजर भूमि के उपयोग तथा खनन भूमि और विरासत ऊर्जा परिसंपत्तियों के पुनःउपयोग में एक बड़ा अवसर निहित है। भारत के सबसे बड़े खनन राज्यों में से एक होने के कारण, बंद और शीघ्र बंद होने वाली खदानों के साथ उपलब्ध भूमि का पुनःउपयोग एक महत्वपूर्ण अवसर है। राज्य में ओपनकास्ट खदानों के साथ 9,800 हेक्टेयर से अधिक भूमि उपलब्ध है, जिसका एक महत्वपूर्ण हिस्सा आगामी 10 वर्षों में पुनःउपयोग और हरित ऊर्जा निवेश के लिए योजनाबद्ध किया जा सकता है। दिसंबर 2025 तक छत्तीसगढ़ की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जाक्षमता 2,075 मेगावाट है (जो कुल स्थापित क्षमता 26,288 मेगावाट का 8% है)। इस क्षमता को तीव्र और व्यापक स्तर पर साकार करने के लिए द्वस्त्रह्नक्रक्ष्स्स्ज्ञ निवेशक-अनुकूल नीतियों को अपनाने की सिफारिश करता है, साथ ही भूमि-तटस्थ तकनीकों, खनन भूमि पुनःउपयोग और पारिस्थितिकी तंत्र सहयोग के लिए प्रोत्साहनों पर बल देता है। इसके अतिरिक्त, राज्य को अपनी 39.35 गीगावाट की विशाल क्षमता को अनलॉक करने के लिए एक समर्पित राज्य-स्तरीय फ्लोटिंग सोलर नीति विकसित करनी चाहिए। इस नीति में: FSPV को एक रणनीतिक, भूमि-तटस्थ नवीकरणीय ऊर्जाविकल्प के रूप में मान्यता दी जाए, जो जल संरक्षण और आजीविका समर्थन करता है। ज़ बड़े पैमाने और वितरित परियोजनाओं को शामिल करते हुए पाँच-वर्षीय 2,000 मेगावाट क्षमता लक्ष्य निर्धारित किया जाए। निवेश आकर्षित करने हेतु नियामकीय स्पष्टता, पर्यावरणीय एवं सामाजिक सुरक्षा उपाय तथा वित्तीय प्रोत्साहन सुनिश्चित किए जाएँ। छत्तीसगढ़ रिन्यूएबल एनर्जी एक्सेलरेशन डायलॉग नीति समन्वय को आगे बढ़ाने और खनन भूमि पुनःउपयोग एवं जलाशय उपयोग पर केंद्रित परियोजना पाइपलाइन विकसित करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह छत्तीसगढ़ को पूर्वी भारत में स्वच्छ ऊर्जा नेता के रूप में उभरने में सक्षम बनाएगा, साथ ही पर्यावरणीय पुनर्स्थापन, आर्थिक विविधीकरण और खनन समुदायों के लिए सामाजिक लाभ सुनिश्चित करेगा।

# पावभाजी कारोबारी को गंभीर रूप से किया जख्मी, आरोपी पकड़ से दूर

### गांजा गली क्षेत्र में 20 फरवरी की रात हुई घटना

**कोरबा।** अपराध नियंत्रण को लेकर किये जा रहे दावों के बावजूद शहरी क्षेत्र में अराजक तत्वों का बोलबाला बना हुआ है। कभी यहां तो कभी वहां इस तरह की घटनाएं हो रही है, जो लोगों को डराती है। एक घटना में पावभाजी कारोबारी को कुछ लोगों ने जमकर पीटकर जख्मी कर दिया। मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांजागली इलाके में 20 फरवरी की रात लगभग 9 बजे इस घटना को अज्ञात तत्वों ने अंजाम दिया। पावभाजी की बिक्री करने वाला मांगेराम नामक व्यक्ति इस इलाके में घुम रहा था। इसी दरम्यान यहां पर कुछ लोग पहुंचे और अनावश्यक विवाद करते हुए कैलाश पावभाजी के संचालक से मारपीट की। उसके सिर और अन्य हिस्से में काफी चोंटे आई। पीड़ित के चिल्लाने पर आसपास के लोग हरकत में आये। जिसके बाद हमलावर भाग खड़े हुए। पीड़ित पक्ष ने इस बारे में कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई।



## सीतामणी में बच्चों से उठा मां का साया

**कोरबा।** वैष्णव दरबार सीतामणी क्षेत्र में सुकृता साहू की आखिरकार मौत हो गई है। उस पर पति रामेश्वर साहू ने चापड़ा से हमला कर बूरी तरह से घायल कर दिया था। चरित्र संदेह पर यह घटना हुई थी। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचित किया, जिस पर महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गयी। इसके साथ ही उसके बच्चों के सर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया।

## कन्हैयापारा में लगेगा चौपाल

**कोरबा।** मनरेगा का नाम परिवर्तन किये जाने पर कांग्रेस के द्वारा सभी ब्लाकों में चौपाल लगाये जा रहे है। आज पाली ब्लाक के कन्हैयापारा में चौपाल लगेगा। जिसमें जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान, ब्लाक अध्यक्ष सत्यनारायण पैकरा मौजूद रहेंगे। जिसमें ग्रामीणों को जागरूक किया जायेगा। कल भी ग्राम धनरास छुरी में चौपाल लगाया गया। जिसमें सांसद श्रीमती ज्योतसना महंत मौजूद थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवन यादव, लक्ष्मी कंवर, नंद कुमार देवांगन, विनय दुबे ने सहयोग प्रदान कया। कटघोरा ग्रामीण के ब्लाक अध्यक्ष गोरेलाल यादव, मंडल अध्यक्ष फुलचंद, लल्लू सिंह, रामगोपाल कंवर सहित अन्य कार्यकार्ता मौजूद थे। लागातार कार्यक्रम आयोजि किये जा रहे। पिछले दिनों बांगों में भी पोड़ी-उपरोड़ा के कार्यकर्ता मॉजूद थे। जिला ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने बताया कि सभी ब्लाकों में लगातार कार्यक्रम आयोजित हो रहे है, जिसमें युवक कांग्रेस के विकास सिंह, रहमान खान, सद्दाम खान, कुड़ाल आजाद सहित अन्य कार्यकर्ता भी सहयोग कर रहे है। आने वाले दिनों में बचे हुए मण्डलों में कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## पसान रेंज में कीमती लकड़ियों से लदा ट्रक पकड़ाया

**कोरबा।** वन विभाग की टीम ने जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत पसान रेंज में साल प्रजाति की कीमती लकड़ियों से लदे एक ट्रक को जप्त करने में सफलता हासिल की है। आरोप है कि इस वाहन के जरिये लकड़ियों का अवैध परिवहन हो रहा था। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पसान रेंजर मनीष सिंह को आधी रात को मुकबीर से सूचना मिली की कटघोरा जटगा मार्ग पर ट्रक के जरिये लकड़ियों का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इस सूचना को उन्होंने गंभीरता से लिया और मार्ग पर अपनी टीम के साथ दबिश दी तो वन विभाग के अधिकारियों को देखकर चालक ने रास्ता बदल लिया और अपना वाहन लेकर भागने का प्रयास करते हुए रामपुर-धवलपुर मार्ग जा पहुंचा। वन विभाग टीम ने पीछा करते हुए जब ट्रक चालक को पकड़ने की कोशिश की तो बढ़ता दबाव देखकर वह पकड़े जाने की आशंका से ट्रक को मार्ग पर खड़ा कर दिया और अंधेरे का फायदा उठाते हुए भाग निकला। वन विभाग की टीम ने आसपास चालक की खोजबीन की किन्तु पता नहीं चला। तब ट्रक को जप्त कर उसके मालिक व चालक का पता लगाने में जुट गई है।

## नोनबिर्रा में सीएम के जन्मदिन पर लाभार्थियों का युवा मोर्चा ने किया सम्मान



**कोरबा।** जिले के करतला ब्लाक अंतर्गत नोनबिर्रा में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का जन्म दिवस मनाया गया। इसे यादगार बनाने के लिए युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कई स्तर पर प्रयास किये। प्रदेश अध्यक्ष योगराज टिकरिया और जिलाध्यक्ष वैभव शर्मा के मार्गदर्शन में हितग्राही सामान समारोह का कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि के रूप में आकाश सक्सेना पूर्व जिला उपाध्यक्ष थे। रामकुमार गवेल मंडल अध्यक्ष, रतन सिंह राठिया, जयलाल गुप्ता, उपसरपंच पंच राजकुमार राठिया, आकाश गुप्ता, विकास राठौर, हर्ष गुप्ता, देवनारायण पटेल, पप्पू गुप्ता तथा ग्राम के लाभार्थी हितग्राही उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने इस मौके पर अपनी बात रखी और कहा कि विष्णुदेव के नेतृत्व में सरकार लगातार जनहित में काम कर रही है। अनेक योजनाओं से लोगों के हितों का संरक्षण किया जाना है। ऐसे में हर कोई सरकार की कार्यप्रणाली से खुश है। युवा नेता आकाश गुप्ता ने भी इस अवसर लोगों को संबोधित किया।

## एसईकेएमसी का सम्मेलन कुसमुण्डा में

**कोरबा।** आज एसईकेएमसी कुसमुण्डा एरिया का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह व संदीप चौधरी अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सभी एरिया के पदाधिकारियों को भी बुलाया गया है। इस बार कुसमुण्डा क्षेत्र में सदस्य बढ़ाने के लिए अधिक जोर दिया जा रहा है। जिसके लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जायेगा।

## फ्लाईएश ट्रांसपोटर्स लगातार हावी हो रहे प्रशासन पर, मनमानी हरकतों से जन स्वास्थ्य को खतरा

**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के ग्राम पंचायत गुरसिया में एनएचआई से लगे मुख्य मार्ग के किनारे शासकीय जमीन पर राखड़ डंपिंग का मामला लगातार चर्चा में है। मौके की तस्वीरों में भारी वाहन से राखड़ गिराते और आसपास बड़े-बड़े ढेर जमा होते दिखाई दे रहे हैं।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शंकर ट्रांसपोर्टर द्वारा बिना स्पष्ट सार्वजनिक सूचना और बोर्ड के खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर डंपिंग की जा रही है। स्थिति इसलिए गंभीर मानी जा रही है क्योंकि जिस स्थान पर राखड़ गिराई जा रही है, उसके समीप साप्ताहिक बाजार लगता है। पास ही एक अस्पताल और सरस्वती शिशु मंदिर भी संचालित हैं। इसके अलावा घनी आबादी वाली बस्ती और मुख्य सड़क का लगातार आवागमन इस क्षेत्र को संवेदनशील बनाता है। राखड़ से उड़ने वाली धूल के कारण बच्चों, मरीजों और राहगीरों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, बाजार के दिन धूल का गुबार और अधिक बढ़ जाता है, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को परेशानी होती है। अस्पताल आने वाले मरीजों के लिए भी खतरा है



## अटल आवास क्षेत्र की किशोरी लापता एक महिने बाद भी खबर नहीं



**कोरबा।** खरमोरा अटल आवास इलाके की एक किशोरी के लापता होने से उसके परिजन चिंतित है। सिविल लाइन थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है लेकिन नतीजे सिफर हैं। प्रतिमा गुप्ता ने 26 जनवरी को अपनी पुत्री के लापता होने के बारे में पुलिस को अवगत कराया है। लगभग एक महीना होने जा रहा है पर किशोरी के सम्बंध में कुछ पता नही चल सका। प्रतिमा को संदेह है कि किसी अज्ञात वयक्ति ने बेटी का अपहरण कर लिया है। वह कहां और किस स्थिति में है, जानकारी नही मिलने से परिजन आशंका से घिरे हुए हैं और बेहद चिंतित है। उन्हें समझ नही आ रहा है कि आखिर मामले में किस तरह से खोजबीन हो रही है।

## उरगा में भूमिपूजन आज

**कोरबा।** आज जिला पंचायत सदस्य सुष्मिता अनंत के द्वारा उरगा क्षेत्र में सीसी रोड व पचरी निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया जायेगा। इस क्षेत्र के नागरिक लगातार सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। तालाब में भी पचरी नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही थी। सीसी रोड के लिए आयोदन दिये जाने के बाद निर्माण कार्य के लिए स्वीकृति मिल गई है, जिसके लिए आज भूमिपूजन होगा।

## 246 स्वयंसेवकों ने भागीदारी की शारीरिक प्रतियोगिता में

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वार कोरबा नगर स्तर पर द्वितीय शारीरिक प्रतियोगिता का आयोजन आज डॉ. राजेन्द्र नगर दशहरा मैदान में किया गया। सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे तक हुए इस कार्यक्रम में 22 शाखाओं से कुल 246 स्वयंसेवकों की भागीदारी हुई।

शारीरिक प्रतियोगिता अंतर्गत यह आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इसमें अलग-अजग शाखा के स्वयंसेकों ने प्रशिक्षण के आधार पर पदविन्यास, दंड युद्ध और निरूद्ध का प्रदर्शन किया। उन्होंने इसमें अपना कौशल और अनुशासन के साथ समयबद्धता भी प्रदर्शित की। इसके माध्यम से साहस और पराक्रम के गुणों का विकास करने पर जोर दिया। सभी प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के लिए आंतरिक व्यवस्था की गई। अलग-अलग चरण में अंकों की व्यवस्था की गई और इसके निर्धारण से श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले 3 समूह को पुरस्कृत किया गया। नगर शारीरिक प्रमुख शत्रुहन प्रसाद ने बताया कि शताब्दी वर्ष में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां जिला से लेकर नगर स्तर पर की जा रही है। इन सभी के साथ बेहतर उद्येश्य को शामिल किया गया है। स्वयंसेवकों की अभिरूचि और कौशल उन्नयन को ध्यान में रखते हुए ऐसे प्रशिक्षण संबंधी कार्यक्रम करने का नियम है। हमारी कोशिश है कि इस निरंतर को बनाया रखा जाएगा। अंतिम चरण में भारत माता की वंदना के साथ समापन हुआ। आज के आयोजन में मुख्य रूप से विभाग संघचालक सत्येन्द्र नाथ दुबे, विभाग कार्यवाह रामविलास पाल, उपनगर संघचालक अमृतलाल बत्रा, आशीश श्रीवास्तव, नगर कार्यवाह प्रोफेसर मृगेश यादव, भोजराम देवांगन और स्वयं सेवक उपस्थित थे।



## मॉडिफाइड साइलेंसर पर सख्ती, कई गाड़िया जब्त

### ऐसे हर मामले में दस हजार की पेनाल्टी





**कोरबा।** ट्राफिक रूल्स के परिपालन को लेकर कोरबा में पुलिस लगातार एक्शन में है। नेताजी चौक पर पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान मोडिफाइड साइलेंसर वाली कई दुपहिया को जब्त किया गया। ट्राफिक पुलिस की टीम ने अधिकारियों के निर्देश्य पर यह कार्रवाई की। होली से ठीक पहले पुलिस अलर्ट मोड़ पर है। व्यवस्था को बेहतर बनाने और नियम पालन कराने पर उसका ध्यान है। इस कड़ी में पुलिस ने बुलेट और कुछ बाइक को निशाने पर लिया। मोडिफाइड साइलेंसर क साथ ये परेशानी पैदा कर रही थी। ऐसे मामले कोर्ट में पेश किए जाएंगे। प्रत्येक मामले में दस हजार की पेनाल्टी होना है।



महाशिवरात्रि से प्रारंभ हुआ पाली महोत्सव भले ही समाप्त हो गया लेकिन मेला जारी है। विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों की पहुंच यहां तक हो रही है। इस वजह से पाली के भीतरी हिस्से के मुख्य मार्ग पर जाम लगने का सिलसिला बना हुआ है।

**● प्रशासन की पहल को पंख, बस स्टैंड से शुरुआत**

## स्वच्छता क्रांति: हर रविवार को नागरिक निभाएंगे दायित्व

**कोरबा।** स्वच्छता को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा काम हो रहा है। अब कोरबा जिले के कटघोरा में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय प्रशासन ने अन्य अधिकारियों व आम लोगों के साथ मिलकर काम शुरू किया। बस स्टैंड क्षेत्र में सफाई की गई निर्णय लिया गया कि अब आगे से हर रविवार को इस तरह का काम स्वच्छता के लिए किया जाएगा ।

अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष राज जायसवाल, प्रशिक्षु आईएएस एवं सीएमओ क्षितिज गुरभेले, स्थानीय पार्षदों के साथ-साथ स्वच्छता दीदियों और नगर पालिका के कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।अभियान के दौरान अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व नागरिकों ने झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। बस स्टैंड क्षेत्र के दुकानदारों को समझाइश दी गई कि वे अपने दुकानों से निकलने वाले कचरे को निर्धारित नीले और हरे डस्टबिन में ही एकत्र करें तथा उसे नगर पालिका की कचरा गाड़ी में ही डाले। नागरिकों से अपील की गई कि वे सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएं और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। प्रशिक्षु आईएएस एवं सीएमओ क्षितिज गुरभेले ने बताया कि अब नगर में हर रविवार अलग-अलग स्थानों पर इसी तरह स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को न केवल सफाई बल्कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। स्वच्छता के इस बड़े अभियान में विभिन्न विभागों के अधिकारी नगर के कुछ जनप्रतिनिधि मीडिया कर्मी और आम नागरिक सहभागी बने।





## जो कभी थे एटक का हिस्सा,अब हुए दूसरे के

### संख्या बढ़ने पर एचएमएस ने किया सत्कार



**कोरबा।** दीपका में कोयला क्षेत्र की श्रमिक राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ। लंबे अरसे तक एटक यूनियन का हिस्सा रहे प्रमुख पदाधिकारियों सहित 75 कामगारों ने सामूहिक रूप से हिंद मजदूर सभा एचएमएस की सदस्यता ग्रहण कर ली। सामूहिक निर्णय में एटक दीपका एरिया अध्यक्ष जीत सिंह, यूनिट अध्यक्ष मनमीत सिंह तथा सेफ्टी मेंबर राम नारायण राजवाड़े प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस बदलाव में एचएमएस के यूनिट जेसीसी सदस्य राजकुमार राठौर की रणनीतिक और कारगर भूमिका भी बताई जा रही है। प्रगति नगर स्थित स्नेह मिलन भवन में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में कोयला मजदूर सभा के जयघोष के साथ एटक से जुड़े पदाधिकारी और श्रमिक एचएमएस में शामिल हुए। कोयला मजदूर सभा एचएमएस के नेताओं ने सभी नए सदस्यों का अंगवस्त्र एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और संगठन की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर गेवरा और दीपका गेवरा क्षेत्र के बड़ी संख्या में एचएमएस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन वेलफेयर मेंबर एसडी तिवारी ने किया। श्रमिक क्षेत्र के जानकार कहते हैं कि आने वाले दिनों में होने वाले सदस्यता सत्यापन में भी इसका असर देखा जा सकता है।









स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com